


# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन




वर्ष 52/ अंक 278/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 29 मई 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in

## मोदी ने नार्थ-ईस्ट के लिए पहले वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से नार्थ-ईस्ट की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गुवाहाटी को न्यू जलपाईगुड़ी से जोड़ने वाली यह ट्रेन यात्रा के समय में लगभग एक घंटे की बचत करेगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी 182 किलोमीटर लंबे मार्ग के नए विद्युतीकृत खंडों को भी राष्ट्र को समर्पित किया। साथ ही असम के लुमडिंग में नवनिर्मित डेमू/एमईएमयू शेड का भी उद्घाटन किया।

इस मौके पीएम मोदी ने कहा कि आज असम सहित पूरे नॉर्थ ईस्ट के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। नॉर्थ ईस्ट की कनेक्टिविटी से जुड़े तीन काम हो रहे हैं। नॉर्थ ईस्ट को पहली मेड इन



इंडिया वंदे भारत मिल रही है। दूसरा ये पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली तीसरी वंदे भारत है और असम और मेघालय के लगभग 425 किमी ट्रैक पर विद्युतीकरण का काम पूरा हो गया है।

इससे पहले प्रधानमंत्री द्वारा नॉर्थ ईस्ट की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को झंडी दिखाने पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट में अब वंदे भारत ट्रेन अपनी सेवा देगी। वर्ल्ड क्लास ट्रेन जिसकी हम पहले विदेशों की वीडियो देखा करते थे वह अब हमारे देश में लोगों की सेवा में है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस, क्षेत्र के लोगों को गति, सुविधा और कनेक्टिविटी मुहैया करायेगा। साथ ही इससे क्षेत्र में पर्यटन और सामाजिक-आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

सांध्यप्रकाश विशेष

## रंग बिरंगी रोशनी से सजा सलकनपुर धाम, कल से शुरु होगा तीन दिवसीय कार्यक्रम

### सीएम शिवराज रखेंगे देवीलोक की आधारशिला




**भोपाल।** सीहोर जिले में स्थित सलकनपुर धाम में अब माता लोक बनाने की तैयारी की जा रही है। इसी बीच 29 से 31 मई तक तीन दिवसीय देवी लोक महोत्सव की शुरुआत हो रही है। इस अवसर पर कई सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी शिरकत करेंगे और उज्जैन के महलोक की तर्ज पर सलकनपुर में देवी लोग किस आधारशिला रखेंगे ।इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कुछ दिन पहले ही दी थी।

सलकनपुर धाम में मनाए जाने वाले इस तीन दिवसीय देवी महोत्सव को लेकर पूरे मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों से सजा दिया गया है। इसके साथ ही मंदिर के सीढ़ी मार्ग और वाहन मार्ग समेत कई जगह पर विद्युत् रौशनी और रंग रोगन का इंतजाम किया गया है ।इसके अलावा यहां पर पहुंचने वाले भक्तों के लिए भी कई तरह की व्यवस्था रखी गई है जिससे यहां पर आने वाले भक्तों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो।

## मप्र के 5 वरिष्ठ आईपीएस अफसर डीजी रैंक में नहीं पा सकेंगे प्रमोशन




**भोपाल।** मध्य प्रदेश 5 वरिष्ठ आईपीएस अफसर डीजी रैंक में प्रमोशन पाए बिना ही रिटायर हो जाएंगे। दरअसल पुलिस विभाग के प्रशासनिक ढांचे के अनुसार पद न बढ़ने के कारण यह पांचों अधिकारी पुलिस विभाग के शीर्ष वेतनमान पद तक नहीं पहुंच पाएंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 1989 बैच के सुशोभन बनर्जी और 1990 बैच के एडीजी बीबी शर्मा और अनुराधा शंकर सिंह और 1992 बैच के जी जनार्दन और श्रीनिवास राव एडीजी वेतनमान पर ही रिटायर हो जाएंगे। श्रीनिवास राव अगस्त 2023 और जी जनार्दन दिसंबर 2023 को रिटायर हो जाएंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी 31 जुलाई को स्पेशल डीजी के दो पद रिक्त होंगे। ये पद पवन कुमार जैन डीजी होमगार्ड और मुकेश जैन स्पेशल डीजी ट्रेनिंग के रिटायर होने पर खाली होंगे। पद खाली होने पर श्रीमती सुषमा सिंह एडीजी सीआईडी विजिलेंस तथा डॉ एसडब्ल्यू नकवी एडीजी नारकोटिक्स स्पेशल डीजी वेतनमान में पदोन्नत हो जाएंगे।

नकवी स्पेशल डीजी वेतनमान में केवल 1 महीने ही रह पाएंगे क्योंकि उनका अगस्त माह में ही रिटायरमेंट है। नकवी के रिटायरमेंट होने के बाद एडीजी एसटीएफ विपिन माहेश्वरी स्पेशल डीजी बनेंगे। वे भी 30 नवंबर को रिटायर हो जाएंगे। माहेश्वरी के रिटायरमेंट होने पर उनकी ही बेच के एडीजी शिकायत और गृह मंत्री के ओएसडी अशोक अवस्थी स्पेशल डीजी बनेंगे। अवस्थी का रिटायरमेंट मई 2024 में है। इससे पहले ही सुशोभन बनर्जी, अनुराधा शंकर सिंह और बीबी शर्मा रिटायर हो जाएंगे।

## भोपाल में मेगा जाब फेयर एवं श्रमिक चौपाल कार्यक्रम में डिजी उड़ान पोर्टल का शुभारंभ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव की आइटीआई सभागार गोविंदपुरा में आयोजित मेगा जाब फेयर एवं श्रमिक चौपाल का शुभारंभ किया। याहं चयनित आवेदकों को आफर लेटर एवं योजनाओं के स्वीकृति-पत्र का




वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश की कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया और श्रम एवं खनिज संसाधन मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे।

श्री चौहान ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री यादव ने मेगा जॉब फेयर में आकर उत्साह बढ़ाया है। वे श्रमिकों के कल्याण के लिए भी प्रयासरत हैं। भोपाल ,जबलपुर, नागदा में ईएसआई डिस्पेंसरी और अस्पताल उन्नत किए जा रहे हैं। उन्होंने धार में मेडिकल कालेज के लिए भी आश्वासन दिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के सफल 9 वर्ष पूरे हुए हैं। इन 9 सालों में जनता की तकदीर और देश की तस्वीर बदली है। प्रधानमंत्री जी ने एक बहुत बड़ी सौगात मध्यप्रदेश को दी। मध्यप्रदेश पहले टाइगर स्टेट था, लेपर्ड स्टेट भी था। घड़ियाल राज्य भी था। अब चीता राज्य भी बन गया है। श्री यादव ने आज कहा कि आप चिंतित न हो।जब चीते अन्य क्षेत्र से आते हैं तो उन्हें नए वातावरण में एडजस्ट होने में समय लगता है। उन्होंने कहा कि तीन शावक असमय मृत्यु का शिकार हुए ,जिससे मैं काफी चिंतित था। चीतों की समुचित देखभाल के लिए सरकार पूरे प्रयास कर रही है। लेकिन चीता शावकों के अस्तित्व का सर्वाइवल रेट कम है, लेकिन हमारे प्रयासों में कमी नहीं रहेगी। इस धरती पर मनुष्य भी रहे और वन्य प्राणी भी रहे यह सृष्टि के संतुलन के लिए भी जरूरी है। इस विषय पर भी चर्चा हुई है।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री जी युवाओं को रोजगार के लिए चिंतित रहते हैं। साथ ही कौशल उन्नयन पर भी उनका ध्यान है। कुल 1070 युवा ने फेयर के माध्यम से रोजगार चाहा था, जिनमें से 640 को आज रोजगार प्राप्त हुआ है। रोजगार बहुत आवश्यक है।एक तरफ रोजगार देने वाले लोग हैं जिन्हें दक्ष व्यक्ति चाहिए दूसरी ओर युवा रोजगार चाहते हैं। ऐसे नौजवान जिन्हें जॉब चाहिए उनके लिए मेगा जॉब फेयर लगाया गया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश टेक्सटाइल हब बन रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सीखो कमाओ योजना के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। श्रमिक कल्याण की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि मध्य प्रदेश में चार श्रमोदय विद्यालय खोले गए जहां श्रमिकों के बच्चे ही पढ़ते हैं। प्रदेश में आगामी अगस्त माह तक एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती का लक्ष्य है। यह कार्य पूरा होने के बाद फिर 50,000 पदों पर भर्ती का कार्य किया जाएगा।

### नेशनल करियर सर्विस पोर्टल में सवा तीन करोड़ पंजीयन: यादव

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में श्रमिकों के कल्याण और निर्धनों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य हो रहा है। नेशनल करियर सर्विस पोर्टल में सवा तीन करोड़ पंजीयन हुए हैं। सरकार लगातार रोजगार सृजित कर रही है और लोगों को काम मिल रहा है।



## नौ साल में देश को बदल दिया है प्रधानमंत्री मोदी ने: शिवराज



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौ साल में देश को बदल दिया है। विश्व में भारत की न केवल विश्वसनीयता बढ़ी है, अपितु देश का सम्मान भी बढ़ा है। वे आज कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के नौ साल पूरे होने पर आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री वन पर्यावरण भूपेंद्र यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, तुलसी सिलावट प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

सीएम ने कहा कि जिस कार्य को कल्पना में भी नहीं सोचा जा सकता था वह कार्य हमारी सरकार ने किए हैं। 518 लाख गरीब जनधन और 4 करोड़ प्रधानमंत्री आवास के खाते खुले। पेंशन योजना के खाते खुले। रेलवे का बजट 13 लाख करोड़ हो गया, 362 करोड़ रुपए बजट किए गए थे। बीना रिफायनरी के लिए 49 हजार करोड़ का बजट किया गया गया है।

### नौ साल देश का स्वर्णिम काल: यादव

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नौ साल देश का स्वर्णिम काल रहा है। 2014 में पहले बहुत हालत खराब थी मंत्री जेल में चले जाते थे। नौ वर्षों में सब कुछ बदल गया है। गरीबों को समर्पित रही है सरकार। गरीबों के जनधन खाते खोले, वहीं वेक्सिनेशन अभियान चलाया। केंद्र सरकार की योजनाएं देश के सभी गरीबों तक पहुंच रही हैं, यह है सबका साथ सबका विकास। आजा प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ 350 करोड़ गरीबों को लाभ पहुंचाने का किया। हिंदुस्तान में महिलाओं को पानी और शौचला का सामना करना पड़ता था सरकार ने अंतिम स्तर पर पहुंचाया 12.75 करोड़ का लाभ दिया। 39 प्रतिशत रेशो था वह अब 100 प्रतिशत है।

### सेवा और सुशासन के नौ साल: शर्मा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने मीडिया से संवाद करते हुए कहा कि शिवराज जी ने बीमारू राज्य से स्वर्णिम मध्य प्रदेश को आगे बढ़ाया है। भारतीय इतिहास में प्रधान मंत्री मोदी जी ने सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्ष हर गरीब की दशा को बदलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 85 प्रतिशत पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता था अब वही 1 रुपया पर गरीब के विकास के लिए पहुंच रहा है। उन्होनें कहा कि पीएम की उपलब्धियों को इस देश के अंदर भाजपा के कोने कोने में कार्यकर्ताओं ने जमीन पर उतारने का कार्य किया है।

## नेविगेशन सैटेलाइट एनवीएस-1 का प्रक्षेपण सफल

### अब सेना होगी और सशक्त

**श्रीहरिकोटा।** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार सुबह भूस्थिर उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) से नेविगेशन सैटेलाइट 'नाविक' एनवीएस-1 को प्रक्षेपित कर दिया। यह सैटेलाइट खासकर सशस्त्र बलों को मजबूत करने और नौवहन सेवाओं की निगरानी के लिए बनाया गया है। भारत के अपने पोजिशनिंग सिस्टम 'नाविक' से लैस होकर जवान और सशक्त व घातक होंगे।

नाविक अमेरिकी ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) का जवाब है। नाविक का इस्तेमाल स्थलीय, हवाई और समुद्री परिवहन,



लोकेशन-आधारित सेवाओं, निजी गतिशीलता, संसाधन निगरानी, सर्वेक्षण और भूगणित, वैज्ञानिक अनुसंधान, समय प्रसार और आपात स्थिति में किया जाएगा।

भारत अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भूस्थिर उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) से नेविगेशन सैटेलाइट 'नाविक' को प्रक्षेपित करने की तैयारी पूरी कर ली है। वैज्ञानिकों ने सोमवार को प्रक्षेपित किए जाने वाले सैटेलाइट के लिए 27.5 घंटे की उल्टी गिनती रविवार सुबह 7.12 बजे शुरू की थी। नाविक अमेरिकी ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) का जवाब है। नाविक (भारत का स्वदेशी नेविगेशन सिस्टम) सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करेगा।

जीपीएस की तरह ही काम करने वाला यह सैटेलाइट भारत और मुख्य भूमि के आसपास करीब 1,500 किमी के क्षेत्र में तात्कालिक स्थिति तथा समय संबंधी सेवाएं प्रदान करेगा। नाविक को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि सिग्नल 20 मीटर से बेहतर उपयोगकर्ता की स्थिति और 50 नैनोसेकंड से बेहतर समय सटीकता प्रदान कर सके।

## मप्रके 12 जिलों में ओले गिरने का अनुमान, ग्वालियर-चंबल में अलर्ट



**भोपाल।** चौथा पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होने से मध्यप्रदेश में आंधी-पानी का दौर जारी है। पिछले 24 घंटे में गुना, रीवा और छिंदवाड़ा में 1 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। भोपाल में सोमवार तड़के 3 बजे तेज बारिश हुई। बादल भी गरजे। मौसम विभाग के मुताबिक, राजधानी में 50ाद्द की रफ्तार से हवा चली। जगह-जगह पेड़ टूटकर गिर गए। वहीं, बिजली के तार टूटने से शाजापुर शहर काफी देर तक अंधेरे में रहा।

मौसम वैज्ञानिकों ने सोमवार को भोपाल, ग्वालियर, सागर और चंबल में गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, रीवा, नर्मदापुरम और शहडोल संभाग में भी मौसम बदला रहेगा। श्योपुरकलां, गुना, राजगढ़, विदिशा, शिवपुरी, छिंदवाड़ा, अनूपपुर, सागर, शाजापुर, डिंडोरी, आगर-मालवा और सिवनी में ओले गिरने की आशंका है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि 28 मई से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने से सिस्टम और भी मजबूत हुआ है। इस कारण बारिश, ओले और आंधी का सिलसिला चल रहा है।

प्रदेश में पहले से ही तीन सिस्टम एक्टिव हैं। रविवार दोपहर से ही तेज हवाओं और बारिश का दौर शुरू हो गया था। उज्जैन, सीहोर, रायसेन, गुना समेत कई जिलों में आंधी चली। कई जिलों में तेज बारिश हुई, तो कई जगह ओलावृष्टि भी हुई। 25 मई से शुरू हुए नौतपा को रविवार को चार दिन हो गए। इन चारों दिन में पानी गिरा।

## भिंड में एयरफोर्स के अपाचे हेलिकाप्टर में आई तकनीकी खराबी, करानी पड़ी एहतियातन लैंडिंग



**भिंड।** भिंड क्षेत्र के जखमौली क्षेत्र में एयरफोर्स के अपाचे हेलिकाप्टर की एहतियातन लैंडिंग कराई गई है। इसकी वजह हैलीकाप्टर में आई तकनीकी खराबी है। विमान के पायलट व सैनिक पूरी तरह से सुरक्षित हैं। हेलिकाप्टर को खेत में उतरा देख आस-पास के ग्रामीण एकत्रित हो गए। साथ ही प्रशासन की टीम भी व्यवस्थाओं के लिए मौके पर पहुंच रही है। हालांकि हेलिकाप्टर मौजूद सैनिकों व पायलट ने ग्रामीणों से किसी तरह की बात नहीं की है। इसलिए यह पता नहीं चल सका है कि किस तरह की तकनीकी खराबी हेलिकाप्टर में आई है। इस संबंध में एयरफोर्स ने आधिकारिक बयान भी जारी किया है।

घटनाक्रम के मुताबिक सोमवार सुबह अचानक से भिंड के जखमौली गांव के आसमान पर हेलिकाप्टर ग्रामीणों को दिखाई दिया। हेलिकाप्टर नीचे उतर रहा था। थोड़ी ही देर में विमान गांव के पास एक खेत में उतर गया। यह देखकर ग्रामीण विमान के आसपास एकत्रित हो गए। विमान के सुरक्षित लैंडिंग करने से न तो विमान को कोई क्षति हुई और न ही जवानों को।

## गुवाहाटी के पास सड़क हादसा, कम से कम 7 छात्रों की मौत, कई घायल

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी के जलकुबारी इलाके में रविवार रात एक भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इस सड़क हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुरुआत में मिली जानकारी के मुताबिक सड़क दुर्घटना के समय स्कॉर्पियो कार में दस लोग सवार थे। इनमें से सात छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन को गंभीर हालत में गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (जीएमसीएच) ले जाया गया। घटना के बाद पुलिस फौरन वहां पहुंच गई थी, लेकिन छात्रों की जान नहीं बचाई जा सकी।



सड़क हादसे के बारे में जानकारी देते हुए गुवाहाटी के ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर विजय कुमार ने बताया कि शुरुआती जांच के आधार पर पता चला है कि दुर्घटना में मरने वाले सभी लोग छात्र हैं। यह हादसा जलुकबारी इलाके में हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ये छात्र एक स्कॉर्पियो कार में यात्रा कर रहे थे। सड़क दुर्घटना स्कॉर्पियो कार के चालक के गाड़ी पर कंट्रोल खो देने के बाद हुई। जिसके बाद स्कॉर्पियो जलुकबारी फ्लाईओवर रोड पर खड़ी एक बोलेरो डीआई पिकअप वैन से टकराने के बाद एक डिवाइडर से टकरा गई। असम के मुख्यमंत्री ने इस घटना पर अफसोस जताया है। साथ ही घायलों को सभी संभव मदद का आश्वासन दिया है।

# भस्म आरती के लिए सिफारिश और 1 लाख का दान

आनंद कुमार शर्मा



कहते हैं पापी पेट के लिए आदमी क्या नहीं करता। दुनिया में जितने प्रकार के मनुष्य होंगे उतने ही प्रकार के काम भी उपलब्ध हैं। बात बड़ी पुरानी है, तब हम कालेज में पढ़ा करते थे। रहते कटनी में थे और पढ़ने जबलपुर रेलगाड़ी से जाया करते थे। उन दिनों कालेज की किताबें ख़रीदना बड़ा मँहगा होता था, सो हम दोस्तों के बीच में किताबें भी साझा हुआ करती थी। चार-पांच लोग मिलकर एक किताब खरीदते थे। एक दिन मेरे एक मित्र ने हम लोगों को किताब के लिए आपस में चंदा करते देखकर कुछ सहायता करने की सोची और मुझसे अगले इतवार मिलने को कहा। हम निर्धारित स्थल पर मिले और रेलवे स्टेशन चल पड़े। माल गोदाम में तब जब्त सामान की नीलामी हुआ करती थी। मित्र बोला तुम बस चुपचाप खड़े रहना। जब मैं इशारा करूँ तो बताए अनुसार बोली बोल देना। मैं जैसा उसने कहा करता गया। एक-आध घंटे बाद हम जब बाहर निकले तो मुझे ज्यादा कुछ समझ नहीं आया सिवा इसके कि बोली न बढ़े इसके लिए कुछ सर्किल का ज़िक्र हो रहा था। बहरहाल माल गोदाम से बाहर मित्र ने मुझे 50 रुपए दिए और कहा कि हर रविवार इसी तरह मेरे साथ आ जाया करो, तो तुम्हारी किताबों और पढ़ाई-लिखाई का खर्च इसी से निकल जाएगा। मैंने कुछ किया धरा तो था नहीं, और इस तरह बिना मेहनत के काम किए बिना रूपया कमाना मुझे जमा नहीं! उस रविवार के बाद मैं उस मित्र के साथ माल गोदाम कभी नहीं गया। अलबत्ता उस दिन मिले 50 रुपये का उपयोग हमारी मित्र मंडली ने अवश्य कर लिया।

जब मैं ग्वालियर में उपायुक्त-परिवहन था, तो दोपहर को एक सज्जन मुझसे मिलने आए मैंने कारण पुछा तो उन्होंने फ़रमाया कि वे ग्वालियर से चंडीगढ़ का बस का परमिट चाहते हैं। मैंने उन्हें बताया कि यह संभव नहीं हैं। क्योंकि, यह रुट राज्य परिवहन निगम के लिए रिज़र्व हैं। फिर मैंने यूँ ही उत्सुकतावश पुछा कि इतने लम्बे रुट पर बस चलना लाभप्रद कैसे होगा? क्योंकि ग्वालियर से इस रुट के लिए तो ढेरों ट्रेन हैं! उसने मुझे रहयस्यात्मक अंदाज़ में बताया कि उसका इरादा बस के नीचे 2000 लीटर का एक्स्ट्रा डीजल टैंक लगाने का है। चंडीगढ़ में डीजल का भाव मध्य प्रदेश की तुलना में 10 रूपए प्रति लीटर कम है तो इससे मुझे प्रति दिन बीस हज़ार रुपयों का लाभ होगा। मैं हैरानी से सुनता रहा फिर उसे समझाया कि भाई ऐसा मत करना, इस तरह बाहरी अतिरिक्त टैंक लगाना जुर्म है।

इसी तरह जब मैं महाकाल मंदिर का प्रशासक था, तब सावन के महीने की एक सोमवार की घटना है। कलेक्टर ने मुझे फ़ोन करके बताया कि दिल्ली से किसी एक बड़े नेताजी के यहाँ से एक सज्जन के लिए सिफारिश आई है कि उसे सुबह भस्मारती का पास दिया जाए। मुझे याद था कि यह



वही सज्जन है जो हर साल किसी बड़े आदमी से सिफारिश लगवाकर भस्मारती का दर्शन करते थे। मुझे पता नहीं क्यों इन सज्जन पे गुस्सा आया और जब रात्रि 10 बजे ये पास लेने के लिए मंदिर कार्यालय में उपस्थित हुए तो मैंने उनसे कहा कि आपको पास नहीं दिए जा सकता।

वे अचकचा गए और बोले कि कलेक्टर साहब ने तो कहा था। मैंने कहा कि जी हाँ, कहा तो था, पर मैं नहीं दे रहा हूँ। आप जाकर मेरी शिकायत कर दीजिये। वे बेचैन हो गए क्योंकि ये तो तय था कि रात को 10 बजे तो कलेक्टर उनसे मिलने से रहे। उन्होंने मुझसे पूछा कि बताइए आखिर बात क्या है? मैंने कहा भाई मेरे आप बड़े आदमी हैं, मंदिर आते हो तो कुछ दान पुण्य करके भस्मारती करो, सिफारिश एक-आध बार के लिए ही ठीक है। वे तुरंत समझ गए, बोले कितना? मैंने कहा कल की भस्मारती के लिए एक लाख रूपया। वे बोले ठीक है, मैंने दस्तखत शुदा पास उन्हें दे दिया। क्योंकि, वो तो देना ही था, कलेक्टर के निर्देश जो थे।

सुबह भस्मारती के समय ये सज्जन मेरे पास आए और एक ब्रीफ़केस में से एक लाख रुपए निकालकर मेरे सामने रख दिए। मैं थोड़ा चकित हुआ। क्योंकि, मैंने तो यूँ ही उन्हें कह दिया था, पर ये तो सचमुच सुबह पैसों के साथ हाज़िर हो जाएंगे ये पता नहीं था! तो मैंने कहा की भाई मेरे, इतनी सुबह तो मेरे पास इस राशि को रखने का इंतज़ाम नहीं है। आप इसे मंदिर के लॉकर में रख दीजिए। भस्मारती के बाद सुबह अकाउंटेंट के आने पर उन्हें रसीद दे दी गई। रसीद लेकर वे मुझे धन्यवाद देने आए। मैं मंदिर के निकास द्वार की सीढ़ी पर बैठा था। वे मेरे पास ही बैठ गए। कुछ इधर-उधर की बातें करने के बाद मैंने उनसे पुछा कि आखिर आप काम क्या करते हो! वे कहने लगे कि मैं मीटिंग कराता हूँ! मैंने कहा भला ये कौनसा काम हुआ? कहने लगे अरे दिल्ली में ये बड़ा महत्वपूर्ण काम है। मान लीजिए, फलां 'एक्स' महोदय जो बड़े नेता हैं, उनकी 'वाय' नेता से नहीं बनती या 'ए' बड़े अधिकारी हैं लेकिन 'जेड' से कोई बात बिगड़ गई है और वे सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे से नहीं मिल सकते तो मैं उन्हें गोपनीय रूप से मिलाने का काम करता हूँ। मैं बैठा-बैठा महाकाल की भस्मारती का उनके द्वारा दिया गया प्रसाद चबाता रहा और आश्चर्य से उन्हें देख कर सोचता रहा, भला ये भी काम हो सकता है?

# सिंधी मेले की तैयारियों को लेकर हुई बैठक




**संत हिरदाराम नगर।** सिंधी मेला समिति द्वारा 3 एवं 4 जून को सुंदरवन गार्डन में दो दिवसीय पारिवारिक सिंधी मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले को लेकर रविवार को सुंदरवन गार्डन के परिसर में

भगवान दास सबनानी जी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मेले की तैयारियों को लेकर विस्तार चर्चा की गई। सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने बताया कि

बैठक में सिंधी मेला समिति के सदस्यों को मेले की व्यवस्थाओं जिम्मेदारियां सौंपी गई, साथ ही सदस्यों से मेले को इस वर्ष और आकर्षक बनाने के सुझाव भी लिये गये। दरयानी ने बताया कि भगवान झूलेलाल के बहराने के साथ इस मेले की शुरुआत होगी, संस्कृति कार्यक्रम के साथ सिंधी गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी जायेगी. इसके अलावा मेले के दोनों दिन बच्चो के मनोरंजन के लिए झूले एवं सिंधी व्यंजनों के स्टॉल विशेष रूप से लगाये जायेंगे। गौरतलब है कि इस वर्ष यह सिंधी मेला अपने 26वें वर्ष में और भी कीर्तिमान स्थापित करेगा। इस अवसर पर नरेश तलरेजा, हरीश नागदेव, दिनेश मेघानी, जगदीश साहिता, के.एल. दलवानी, कविता ईसरानी सहित सिंधी मेला समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या में मात्रशक्ति उपस्थित हुई थी।

# सड़कों का होगा कायाकल्प, आनंद नगर के पुराने वाचनालय भवन की जगह पर बनेगा नया

**भोपाल।** निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने शहर की सड़कों के कायाकल्प योजना के अंतर्गत बीआरटीएस कॉरीडोर सहित विभिन्न वार्ड क्षेत्रों में सड़कों का निरीक्षण किया और घरों से पानी बहाकर सड़क को क्षति पहुंचाने वाले 02 भवन स्वामियों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने जोन क्रमांक 03 के वार्ड क्रमांक 11, 12, 13, जोन क्रमांक 05 के वार्ड क्रमांक 22, जोन क्रमांक 15 के वार्ड क्रमांक 64, जोन क्रमांक 14 वार्ड क्रमांक 56, 57, जोन क्रमांक 13 में प्रचलित एवं प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्यों का जायजा लिया एवं निगम अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त चौधरी ने आनंद नगर चौराहा वार्ड क्रमांक 64 में निगम के पुराने वाचनालय भवन के स्थान पर नये भवन के निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त एम. पी. सिंह सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे। निगम आयुक्त ने शनिवार को शहर की सड़कों के कायाकल्प योजना के अंतर्गत जोन क्रमांक 03 के वार्ड क्रमांक 11 में शाहजहांनाबाद क्षेत्र स्थित पुरानी अदालत के पास सुल्तानिया मस्जिद के सामने वाला रोड, कुम्हारपुरा रोड, रेजीमेंट रोड, नारियलखेड़ा टंकी से आरिफ नगर तक सड़कों का निरीक्षण किया और सड़कों के गड्डे आदि भरकर मानक स्तर की गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कुम्हारपुरा क्षेत्र स्थित भवन स्वामी द्वारा नवनिर्मित सड़क पर पानी बहाकर सड़क को क्षति पहुंचाने के दृष्टिगत भवन स्वामी को पानी न बहाने की समझाइश दी और उनके विरूद्ध स्पॉट फाईन की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। रेजीमेंट रोड पर दो स्थानों पर पानी के लीकेज तत्काल सुधारने के निर्देश संबंधित यंत्री को दिए।

# प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात प्रसारण कार्यक्रम में लाइव जुड़ा गुरुनानक मंडल



**संत हिरदाराम नगर।** भोपाल के गुरुनानक मंडल के वार्ड क्रमांक 10, बूथ क्रमांक 40 पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का 101वां संस्करण भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा ,मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा की उपस्थिति में सुना गया। इस दौरान भोपाल से पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ लाइव जुड़कर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात प्रसारण का हिस्सा बनने का अवसर गुरुनानक मंडल को प्राप्त हुआ। मोदी ने मन की बात में वीर सावरकर को याद करते हुए कहा, उनका व्यक्तित्व दृढ़ता और विशालता से समाहित था. उनके निर्भीक और स्वाभिमानी स्वाभाव को गुलामी की मानसिकता बिल्कुल भी रास नहीं आती थी।

स्वतंत्रता आंदोलन ही नहीं, सामाजिक समानता और सामाजिक न्याय के लिए भी वीर सावरकर ने जितना कुछ किया उसे आज भी याद किया जाता है. इस अवसर पर पूर्व महापौर आलोक शर्मा ने कहा मोदी जी ने मन की बात के जरिए देश की जनता को छोटे-छोटे प्रयोग कर समाज को सही और सकारात्मक दिशा देने वाले लोगो और संस्थाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा, एम आई सी सदस्य मनोज राठौर, पार्षद सरोज आसेरी, पूर्व पार्षद महेश मकवाना सहित क्षेत्रीय रहवासी एवं देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



वो मूर्तियांनहीं अपितु उनके प्रदर्श थीं जिनका उद्देश्य कथाओं का विवरण है न की पूजा स्थल! अत: उन्हें बार बार मूर्तियां कहना जिसकी न प्राण प्रतिष्ठा हुई और न ही जिसकी विधिवत पूजन होती हाई, आपकी एक कुटिल राजनैतिक साजिश है! आपकी सरकार के दौरान तो पूरा केदारनाथ धाम हमारा क्षतिग्रस्त हो गया था तो वह आपके लिए अपशकुनी नहीं था ? मंदिरों और हिन्दुओं के स्थलों का मज़ाक कब तक उड़ायेंगे आप ?

# रेलवे गोदाम के पास चल रही भागवत कथा, जमकर थिरके श्रद्धालु

**संत हिरदाराम नगर।** संत नगर रेल्वे स्टेशन माल गोदाम के पास चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास चेतन स्वरूप महाराज ने ने ध्रुव चरित्र, परीक्षित वर्णन किया। कथा में ध्रूव चरित्र की कथा को सुनाते हुए कहा कि परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की अति आवश्यकता रहती है। उन्होंने कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि संत कभी खुद के लिए संत नहीं बनते परमार्थ के लिए संत बनते हैं ऐसे परम संतों का सानिध्य हम सभी को जरूर प्राप्त करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत के सदस्य विष्णु विश्वकर्मा, पंडित रवि पटेरिया ने व्यासपीठ का पूजन किया। हुजूर क्षेत्र में चल रहे हनुमान चालीसा के पाठ के अंतर्गत भागवत स्थल पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कथा में मुकेश सूर्यवंशी, आदित्य जोशी, आचार्य पंडित बृजेश भार्गव, पंडित संदीप पचैरी, विश्व हिंदू परिषद के सह मंत्री जीतू कटारिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे जिन्होंने बांके बिहारी के भजनों पर जमकर नृत्य किया।

# भोपाल विकास प्राधीकरण के अध्यक्ष ने किया मास्टर प्लान का निरीक्षण



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भोपाल विकास प्राधीकरण के अध्यक्ष कृष्ण मोहन सोनी ने भो. वि. प्रा. की मिसरोद बागली और बर्रई योजना के अन्तर्गत बनने वाली मास्टर प्लान का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि भो.वि.प्रा. द्वारा भोपाल शहर के विकास को दृष्टिगत रखते हुए मिसरोद से बर्रई तक पेंतालिस मीटर चौड़ी एवं चार कि.मी लम्बी मास्टर प्लान सडक का निर्माण कर रहा है। उक्त सड़क के निर्माण के फलस्वरूप क्षेत्रिय रहवासी लाभान्वित होंगे।उल्लेखनीय है कि मिसरोद से बन रही मास्टर प्लान रोड के बीच जाट खेड़ी, कटारा, बागली ग्राम जो कि अभी तक ग्रामीण परिवेश के होने से कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित है इस सड़क के बन जाने से उक्त क्षेत्र का विकास होगा माननीय अध्यक्ष द्वारा योजना स्थल पर पर प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ होने वाले निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में समीक्षा की। उक्त योजना के निर्माण कार्य लगभग एक वर्ष में पूर्ण होने की सम्भावना है। भोपाल वि. प्रा. द्वारा भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों में स्कूलों को सी.एम. राईज योजना के अंतर्गत स्कूलों का पुनर्निर्माण किया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों को समूचित सुविधाओं के साथ उत्कृष्ट स्तर की शिक्षा प्राप्त हो सके। इसी क्रम में भो.वि.प्रा. द्वारा करोद, बर्रई, निशातपुरा और गोविन्दपुरा क्षेत्र में सी.एम. राईज स्कूल भो. वि. प्रा. द्वारा निर्मित किये जा रहे हैं. आज माननीय अध्यक्ष श्री सोनी एवं दोनो उपाध्यक्षों द्वारा बर्रइ स्कूल का दौरा किया यह स्कूल 12210 वर्ग मी. में विकासित होगा, जिसमें 48 कमरे, 2 लायब्रेरी एवं 9 लैब निर्मित की जायेगी। इस स्कूल की निर्माण लागत लगभग 20 से 25 करोड़ होगी म.प्र. शासन द्वारा निरंतर छात्रों को उत्कृष्ठ शिक्षा प्रदान करने के दृष्टिकोण से पूरे म.प्र. सी. एम. राईज स्कूलों की स्थापना का संकल्प लिया गया है। अंत में अध्यक्ष द्वारा नर्मदापुरम शाष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित आशिमा मॉल के सामने बन रहे आई एस बी.टी बस स्टेण्ड का भी निरिक्षण किया तथा प्राधिकरण के अधिकारियों से उक्त कार्य के संबंध में जी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान दोनों उपाध्यक्ष सुनील पांडे एवं अनिल अग्रवाल एवं सीईओ बुधधेश वैद्य एवं कार्यपाल यंत्री यतीश जैन एवं क्षेत्रिय विधायक रामेश्वर शर्मा उपस्थित थे।

# स्वच्छता हेतु नागरिकों को प्रेरित करना सराहनीय कार्य: महापौर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



महापौर मालती राय ने कहा है कि नगर निगम द्वारा शहर को देश का सबसे स्वच्छ बनाने हेतु स्वच्छता की गतिविधियां निरंतर की जा रही है और इन गतिविधियों में सक्रिय सहयोग और अन्य नागरिकों को प्रेरित करना अपने आप में सराहनीय कार्य है। महापौर श्रीमती राय ने यह विचार माय एफएम के भोपाल प्रसारण की 16 वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। महापौर श्रीमती राय ने माय एफएम द्वारा शहर की स्वच्छता हेतु नागरिकों को प्रेरित करने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की साथ ही आमजन को स्वास्थ के प्रति जागरूक करने हेतु चलाए जा रहे अभियान को भी प्रोत्साहित किया। महापौर श्रीमती मालती राय ने शनिवार को डी बी माल स्थित 94.3 माय एफएम के कार्यालय में माय एफएम के 16 वर्ष पूर्ण होने पर माय एफएम की संपूर्ण टीम को बधाई दी एवं स्वच्छता की गतिविधियों में सक्रिय तौर पर सहभागिता को प्रोत्साहित करने हेतु सफेद केनवास पर अपने हाथों के छापे लगाए साथ ही हर घर हेल्दी अभियान को भी प्रोत्साहित किया।

# युवा पीढ़ी ही सब को मानसिक शांति के सकरात्मक मार्ग पर लें जा रही है: योग गुरु महेश अग्रवाल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय - राजयोग भवन भोपाल के सभागार में आज रविवार 28 मई को नशा मुक्ति दिवस मनाया गया बच्चों ने नशा मुक्ति के लिये नाटक नृत्य के माध्यम से लोगो को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रमुख रुप से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय - राजयोग भवन भोपाल की जोनल डायरेक्टर बी के अवधेशबहन, बी के सुरेशभाई, योग गुरु महेश अग्रवाल सहित साधक भाई बहन उपस्थित रहें।

योग गुरु महेश अग्रवाल ने कहा कि योग- आनंद का मार्ग - आनंद मनुष्य की वास्तविक स्थिति है। यही कारण है कि युवा पीढ़ी अपने वास्तविक स्वभाव को जानने और इंद्रिय सुखों से मिलने वाली क्षणिक खुशियों से बाहर आकर स्थायी आनंद को प्राप्त करने के लिए योगोन्मुख हो रही हैं। योग में उन्हें जीवन का वह मार्ग दिखता है जिसमें मानव अस्तित्व के सभी पक्षों का सामना करने की क्षमता है। वे देखते हैं कि आसन और प्राणायाम उन्हें



शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य प्रदान करते हैं जो स्थाई आनंद प्राप्ति के मार्ग में प्रथम चरण हैं। उनके ये विचार अपने बुजुर्गों से भिन्न हैं जो अपने अस्तित्व के इस पक्ष के विषय में चिंता नहीं करते हैं। बुजुर्ग सोचते हैं कि यदि शरीर के दुरुपयोग के कारण कहीं दर्द है, अपच है या ऐसी ही कोई अन्य तकलीफ है, तो भी उनका शरीर यदि काम कर रहा है तो सब कुछ ठीक है। लेकिन स्वास्थ्य के विषय में युवाओं की सकारात्मक अभिवृत्ति है, वे बीमारी के होने की प्रतीक्षा नहीं करते हैं, बल्कि उससे बचने के उपाय करते हैं। वे जानते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य को प्राप्त करना या उसे कायम रखना स्थाई आनंद प्राप्ति के मार्ग का अगला चरण है। बुजुर्ग भले ही निरंतर तनाव में रहते हों, फिर वे अपने जीवन के इस तथ्य पर अधिक ध्यान नहीं देते हैं। इस बात पर उनका ध्यान तब जाता है जब वे किसी गंभीर मानसिक समस्या से घिर जाते हैं।

युवा पीढ़ी ही सब को मानसिक शांति के सकारात्मक मार्ग पर ले जा रही है, क्योंकि विश्वव्यापी स्तर पर उन्होंने ध्यान और योग के अन्य अभ्यासों को दैनिक जीवन के एक अनिवार्य अंग के रूप में अपना लिया है। और जहाँ तक जीवन के आध्यात्मिक पक्ष की बात है, जहाँ बुजुर्गों ने पूर्वज-प्रदत्त धार्मिक विचारों को बिना समझे स्वीकार कर लिया है, या कुछ लोगों ने आधुनिकता के आवेश में धर्म को %कूड़ा% कह कर फेंक ही दिया है, वहीं युवा इस क्षेत्र में भी अग्रणी रहे हैं। उन्होंने सभी धर्मों के मूलभूत सत्य समझने और अनुभव करने की पहल की है। उन्होंने धर्मों को न तो स्वीकारा है और न ही नकारा है। वास्तव में उन्होंने व्यावहारिक विधि से सत्य की प्राप्ति के लिए वैज्ञानिक मार्ग का चयन किया है। इस प्रयास में उन्होंने योग की पद्धतियों को अपनाया है। प्रतिदिन सुबह 5ः30 बजे से 6ः30 बजे तक नि:शुल्क योग प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है ।

# नया संसद भवन राष्ट्र की प्रगति का साक्षी बनेगा: शिवराज सिंह

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि नया संसद भवन राष्ट्र की प्रगति और एकता का साबनेगा। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि उन्हें नए संसद भवन के गरिमामय लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य मिला है। देशवासी जहाँ लोकतंत्र के इस नवीन भव्य मंदिर में नये भारत का उज्ज्वल और स्वर्णिम भविष्य देख रहे हैं, वहीं कुछ लोगों की आँखों में बंधी पट्टी उन्हें सच्चाई नहीं देखने दे रही है। ऐसे लोगों से बस यही कहना है- जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी।मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि नया संसद भवन, भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण के साथ देश की एकता, अखण्डता और प्रगति का साबनेगा। इस श्रेष्ठ और अभूतपूर्व रचना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी अभिनंदन के पात्र हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जब %नए भारत का नया संसद भवन% राष्ट्र को समर्पित किया और राजधर्म, न्याय, निष्पक्षता, संप्रभुता, अक्षुण्णता एवं सामर्थ्य को साष्टांग दंडवत प्रमाण किया, तब वह क्षण ऐतिहासिक था। यह पल देश के लोकतांत्रिक इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। आज पूरे देश का मन उत्साह और गौरव से भरा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने नवनिर्मित संसद भवन का लोकार्पण कर नवनिर्माण के संकल्पों की ओर अग्रसर भारत को नई गति दी है। यह स्वर्णिम पल इतिहास में दर्ज हो गया, जब वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने नये संसद भवन में ऐतिहासिक सेंगोल स्थापित किया। यह एक स्मरणीय क्षण था।

# टी आर गेहलोत कांग्रेस के पिपलानी ब्लाक अध्यक्ष बने



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

गोविंदपुरा विधान सभा भोपाल में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा टी. आर. गेहलोत को ब्लाक अध्यक्ष पिपलानी भोपाल शहर और जाहिद अली उप ब्लाक अध्यक्ष भानपुर नियुक्ति पत्र सोंपे गए। इस संबंध में कांग्रेस द्वारा एक कार्यक्रम गोविंद गोयल जी की अध्यक्षता में आयोजित किया ,जिस में मुख्यअतिथि एम.पी. के वरिष्ठ नेता जे. पी. धनोपिया जी,जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश मिश्रा जी, के.पी. सिंह जी ,प्रदीप शर्मा जी उपस्थित रहे। साथ ही भोपाल कार्यवाहक जिला अध्यक्ष प्रकाश चोकसे जी ,प्रदेश सचिव लोकेंद्र शर्मा जी, युवा कांग्रेस गोविंद पूरा विधान सभा अध्यक्ष चेतन साहु जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस संबंध में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सभी पार्टी के पदाधिकारियों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया ,जिस में मुख्य रूप से अशरफ अली मंडल अध्यक्ष भानपुर , मंडलम अध्यक्ष मो. अकरम,छोटे लाल लोधी, सुमेर पटेल,हेमंत रजक, योगेश मीना, परवेज़ खान लोदी* अध्यक्ष युवा कांग्रेस वार्ड 72 जैद मिर्जा जिला सचिव युवा कांग्रेस देव गहलौत,साजिद अली,वाहिद भाई , वहिद भाई, शाहिद भाई ,प्रभु दयाल यादव ,अफजल भाई ,आरिफ दिलेरिया जी, पूरन सिंह ,लाल साहब, रामप्रकाश सिंह, समद भाई, अहद अली, सैयद अयन, अजहर पठान, रामहेत किरार, भगवानदास और कई महिलाएं सम्मिलित हुईं। इस कार्यक्रम में *मध्य प्रदेश कांग्रेस पार्टी की नारी सम्मान योजना के फार्म भी भरवाए गए , साथ ही कांग्रेस पार्टी की योजनाएं जनता को बताई गई

# आयुर्वेद में बीमारियों को जड़ से नष्ट करने की क्षमता: प्रेमसिंह पटेल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




आयुर्वेद हमारी देश की प्राचीन चिकित्सा पद्धति है। ऋषि-मुनि और आमजन सभी आयुर्वेदिक दवाइयों का उपयोग करके स्वस्थ्य एवं निरोगी जीवन जीते थे। इनका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता था। आज हमारे देश के चिकित्सा विज्ञान ने बहुत प्रगति कर ली है। परन्तु आज भी कई बीमारियों का इलाज सिर्फ आयुर्वेद में है। आयुर्वेद ही एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जिसमें बीमारियों को जड़ से नष्ट करने की क्षमता है। आयुर्वेद पद्धति का इलाज धीरे-धीरे कुछ लम्बा समय लेकर आराम देता है और बीमारी को खत्म कर देता है। मंत्री प्रेम सिंह पटेल ने यह बात रविवार को बड़वानी में आयुष मेले का शुभारंभ करते हुए कही। उन्होंने आयुष विभाग द्वारा लगाये जा रहे मेलों की सराहना करते हुए लोगों को आयुर्वेद अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मोटा अनाज हमारे स्वास्थ्य के लिए कई तरह से लाभदायक हैं। हम अपने जीवन में गेहूँ एवं चावल के अलावा बाजरा, ज्वार, रागी की रोटी, खिचड़ी, उपमा का सेवन करे तो हमारे शरीर को सभी पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। इससे मधुमेह उच्च रक्तचाप, कैंसर, मोटापा आदि रोगों से बचाव में सहायता मिलती है। मेले में विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, औषधीय पौधों का वितरण, योग दिवस के लिए हर दिल ध्यान हर दिन ध्यान पर पंजीयन, एन.सी.डी. स्क्रीनिंग, स्वर्णप्राशन संस्कार स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिया गया।

## किशोरियों की स्वास्थ्य जागरूकता के लिए शिविर आयोजित

**भोपाल।** विकास संवाद भोपाल एवं महिला एवं बाल विकास परियोजना बाणगंगा जिला भोपाल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छता माहवारी दिवस रविवार को आयोजन कर 63 किशोरियों और 26 महिलाओं को माहवारी के विषय में अवगत कराया। कार्यक्रम चुप्पी तोड़ो अभियान एवं उदिता योजना के अंतर्गत आयोजित की गई थी। सीडीपीओ बाणगंगा परियोजना अखिलेश चतुर्वेदी, श्रीमती चंद्रवती सुपरवाइजर, शिवराज कुशवाहा समाजिक कार्यकर्ता, सरस्वती भाटिया, शिव कुमारी यादव, बाल गतिविधी केंद्र शिक्षिका, अलका कुशवाहा, ममता यादव, सपना बिंझाड़े, रुबीना शेख कॉऊनस्लार, मनीषा राजपूत के साथ समुदाय के महिला पुरुष किशोरी शामिल रही।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए शिवराज कुशवाहा ने बताया कि आज भी समाज और परिवारों में माहवारी को छुआछूत मानते हैं समाज में पहले की अपेक्षा काफी बदलाव देखने को मिलता है। इसी कारण आज हम सब एक जगह बैठकर इतने बडी संख्या में इकट्ठा होकर महावारी और पैड के विषय में बात कर रहे है। श्रीमति सरस्वती विषय विशेषज्ञ द्वारा किशोरियों को माहवारी से संबंधित जनकारी दी गई अखिलेश चतुर्वेदी ने बच्चियों से चर्चा कर अपनी माता पिता बहनों से खुलकर बात करने की सलाह दी अब आंगनवाडी दीदी के निरंतर संपर्क में रहे ताकि किशोरियों से संबंधित जानकारी समय समय पर प्राप्त होती रहें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों को सैनिटाइजर, साबुन, पेपर शाप और सैनिटरी पैड निःशुल्क वितरित की गई।

# पशुपालन मंत्री ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में गो-पालकों को किया पुरस्कृत

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



पशुपालन एवं डेयरी मंत्री प्रेमसिंह पटेल ने बड़वानी जिले के ग्राम धाबाबावड़ी के भीमा नायक प्रेरणा केन्द्र में रविवार को मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना में गो-पालकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरित किये। मंत्री पटेल ने प्रदेश की मूल गो-वंशीय नस्ल की गायों की प्रतियोगिता में मालवी नस्ल की गाय द्वारा प्रतिदिन औसत 14.760 लीटर दूध देने पर गो-पालक शाजापुर निवासी आशीष शर्मा को 2 लाख रूपये का प्रथम पुरस्कार, मालवी नस्ल की गाय द्वारा 12.882 लीटर दूध देने पर गो-पालक बांदरबेला, बड़नगर निवासी घनश्याम प्रजापत को एक लाख रूपये का द्वितीय पुरस्कार तथा निमाड़ी नस्ल की गाय द्वारा प्रतिदिन औसत 11.96 लीटर दूध देने पर गो-पालक पटलावद, धरमपुरी निवासी दीपक वर्मा को 50 हजार रूपये का तृतीय पुरस्कार, प्रमाण-पत्र एवं प्रतीक-चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में संचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ. आर.के. मेहिया भी मौजूद थे। मंत्री पटेल ने भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों की प्रतियोगिता में गिर नस्ल की गाय द्वारा प्रतिदिन औसत 25.21 लीटर दुग्ध उत्पादन करने पर नयागाँव जिला छतरपुर निवासी गो-पालक राजमणी यादव को 2 लाख रूपये का प्रथम, गिर नस्ल की गाय द्वारा प्रतिदिन औसत 22.45 लीटर दुग्ध उत्पादन पर ग्वालटोली जिला नीमच के गोपालक नीलू मुरारी दीवान को एक लाख रूपये का द्वितीय पुरस्कार और साहीवाल नस्ल की गाय द्वारा प्रतिदिन औसत 20.99 लीटर दुग्ध उत्पादन करने पर कथुरा बेढ़न जिला सिंगरौली निवासी गो-पालक रावेन्द्र कुमार पाण्डे को तृतीय पुरस्कार 50 हजार रूपये, प्रमाण-पत्र एवं प्रतीक-चिन्ह देकर पुरस्कृत किया।पशुप ालन मंत्री पटेल ने बड़वानी जिले के प्रगतिशील कृषक सर्वजगदीश, संजय भाई, अन्नू मेहता, महेन्द्र गोस्वामी, संतोष पाटीदार, हितेन्द्र पाटीदार और राधेश्याम धनगर को शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पशुपालन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को भी सम्मानित किया। कपशुपालन विभाग द्वारा मध्यप्रदेश की मूल नस्ल की गाय- मालवी, निमाड़ी और केनकथा के साथ भारतीय उन्नत नस्ल के गो-पालन को बढ़ावा देने के लिये एक से 15 फरवरी तक प्रतियोगिताएँ की गई थी।




ओबीसी महासभा ने आज भोपाल में ओबीसी वर्ग की जाति की जनगणना संख्या के अनुपात में आरक्षण कॉलेजियम सिस्टम सहित तमाम मुद्दों पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया, जिसमें बिहार के शिक्षा मंत्री श्री चंद्रशेखर यादव जी मौजूद रहे।

## 47 गांवों के लिए जीवनदायिनी बनी करनपुरा जल-प्रदाय योजना

**भोपाल।** करनपुरा ग्रामीण समूह जल-प्रदाय योजना से कटनी जिले के बड़वारा विकासखंड के 47 गाँव के 9 हजार 620 परिवारों के घर में नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित हो गई है। गर्मी के मौसम में तो इन गाँवों के लिए योजना, एक तहर से जीवनदायिनी ही बनी हई है। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में 24 मई को समीपी उमरिया जिले में मध्यप्रदेश जल निगम की देखरेख में तैयार इस योजना का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया था। योजना से उमरिया जिले के भी 60 गाँव लाभांवित हो रहे हैं। सुचारू पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी की जा रही है। पहले इन सभी गाँवों में गर्मियों की शुरूआत से ही पानी की समस्या से जूझना पड़ता था। दोनों जिलों के 107 गाँव में पेयजल आपूर्ति की इस जल-प्रदाय योजना की लागत 142 करोड़ 39 लाख रूपए है। करनपुरा जल प्रदाय योजना से कटनी जिले के 47 गाँव को पानी की आपूर्ति की जा रही है। इनमें रोहनिया, सरई, बैरागी, लखाखेरा, धनवारा, बजरवारा, पटना, विलायत कला, रमगढ़ा, पिपरिया, चपानी, पौड़ी, बड़वारा कला, उमरिया, मानपुर, रूपौंध, गोपालपुर, बदरी, बहेड़ी खुर्द, बहेड़ी कला, बहेड़ी, भदावर, गुड़ा कला, सांधी, बम्होरी, सलैया, लोखन, विलायत खुर्द, पथवारी, टिकरिया, बिजौरी, सुनारी, कोदो, आमाटोला, भानपुरा, झरेला, लोहरवाड़ा, लदहर, इमलिया, बम्होरी सलैया, खरहटा, देवरी, सकरीगढ़, करूआकापा, कुम्हरवाड़ा और गणेशपुर गाँव शामिल है।

# पल्स पोलियो में लापरवाही पर कार्यवाही, 10 से अधिक स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

पल्स पोलियो अभियान में लापरवाही बरतने पर सी.एम.एच.ओ. भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी में काम में लापरवाही करने पर जिले के 10 से अधिक स्वास्थ अधिकारी और कर्मचारियों के दो दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी भोपाल श्री तिवारी ने डॉ. हरेंद्र सोढ़ी सिविल डिस्पेंसरी आनंद नगर, डॉ सुभाष गुप्ता संजीवनी क्लीनिक बाणगंगा, डॉ. नित्या गुप्ता संजीवनी क्लिनिक पटेल नगर, डॉ दीप्ति हाड़े संजीवनी क्लिनिक राहुल नगर, श्री अनिल चौरसिया आर.आई. डाटा मैनेजर, सुश्री प्रिया चौरसिया कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर, हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र, कलारा, बैरसिया, सुश्री प्रतिभा राजपूत कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर, हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र, नलखेड़ा, बैरसिया चिकित्सकों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। इन कर्मचारियों को नोटिस जारी कर 2 दिन का वेतन कटौती के आदेश जारी किए गए हैं । रविवार, 28 मई को आयोजित पल्स पोलियो अभियान के तहत पोलियो बूथ पर बच्चों को दवा पिलवाई जा रही है। अभियान के तहत जिले में 3238 बूथ बनाए गए हैं। शासकीय स्वास्थ संस्थाओं के साथ-साथ 61 निजी स्वास्थ्य संस्थाओं ने भी पोलियो बूथ संचालित किए गए हैं ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी द्वारा अभियान के दौरान स्वास्थ संस्थाओं एवं पोलियो बूथ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में स्वास्थ्य संस्थाओं में चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए। चिकित्सकों द्वारा अभियान की मॉनिटरिंग एवं सुपरविजन का कार्य भी नहीं किया जा रहा था। पल्स पोलियो जैसे महत्वपूर्ण अभियान में की गई लापरवाही को देखते हुए सी.एम.एच.ओ. द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 2 दिन का वेतन काटने के आदेश दिए गए हैं ।

# एमवीएम में स्व.अभिषेक तिवारी ओपन शतरंज प्रतियोगिता संपन्न



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एम .वी. एम. में भगत क्रांति दल द्वारा आयोजित महाविद्यालय के पूर्व छात्र स्वर्गीय अभिषेक तिवारी ओपन शतरंज प्रतियोगिता 28 मई को संपन्न की हुई । यह प्रतियोगिता 5 चक्रों में रही अंतिम मुकावले मे रोय लोपेज़ ओपनिंग मे कांटे की टककर देते हुई। भोपाल के वरिष्ठ खिलाडी शाहिद अज़मत जिन्होंने दर्जनों ट्रॉफी अपने नाम की हे , 5 अंको के साथ प्रतियोगिता की ओपन वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे , द्वितीय पुरस्कार प्रतियोगिता के आयोजककर्ता सदस्य लोकेन्द्र रोहित, एवं तृतीय पुरस्कार रवि पलसुले ने प्राप्त किया तथा आयु वर्ग - 7 में प्रांश परिज़ा , वर्ग - 9 मे समर मनधानी, वर्ग 11- नित्यान्त भाटिया , वर्ग - 15 मे अर्णव वी कुमार , वर्ग -19 मे विहान पाण्डेय एवं महिला ओपन वर्ग मे कनिष्का चौधरी, महिला वर्ग - 19 मे यशी जैन तथा वरिष्ठ खिलाड़ियों में शंकर मूर्ति जी प्रथम रहे । इस प्रतियोगिता में भोपाल, मुंबई, जवलपुर, गंजबासोदा, ग्वालियर, विदिशा से इंटरनेशनल रेटेड शतरंज खिलाडी हुनर दिखाने आय। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि पूर्व इंस्पेक्टर सीताराम तिवारी थे तथा कार्यक्रम के संरक्षक पूर्व एम. वी, एम. छात्र सुजीत सिंह बघेल थे।

जिन्होंने स्व. अभिषेक तिवारी के छात्र जीवन से जुडी हुई यादो को साझा किया,उन्होंने बताया की स्व. अभिषेक तिवारी ने खिलाडी छात्रों के हक़ के लिए कई आंदोलन कियेथे । उनकी यादो को संजोये रखने के लिए यह प्रतियोगिता हर वर्ष आयोजित की जायगी एवं भगत क्रांति दल के संस्थापक लोकेन्द्र रोहित ने बताया कि समाज सेवक स्व. अभिषेक तिवारी ने अंतिम वर्ष के सैकड़ो छात्रों के पक्ष मे विशेष योगदान दिया । हम निरंतर उनकी याद मे प्रतियोगिता करते रहेंगे। कार्यक्रम मे बतोर अतिथि वरिष्ठ खिलाडी शाहिद अज़मत, शंकर मूर्ति, रवि श्रीवास्तव , सिद्धार्थ उपाध्याय मौजूद थे।

## 95 करोड़ से अधिक की भूमि पर होगा 192 आवासों का निर्माण

**भोपाल।** मध्यप्रदेश हाउसिंग एवं अधो-संरचना विकास मंडल के आयुक्त चंद्रमौलि शुक्ल ने बताया कि सुराज नीति-2023 में जबलपुर में अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा के अनुरूप आवासहीन और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए भूखंड एवं आवासीय कॉलोनी का निर्माण हाउसिंग बोर्ड करेगा। आयुक्त शुक्ल ने बताया कि अतिक्रमण मुक्त कराई गई 95 करोड़ 54 लाख रूपए मूल्य की 4.565 एकड़ भूमि को सुराज कॉलोनी के रूप में विकसित कर 12-12 आवासों के 16 टॉवर बनाए जायेंगे। कैम्पस में कम्यूनिटी हॉल, एवं कौशल विकास केन्द्र, विकसित पार्क, बाउन्ड्री वॉल के साथ भव्य द्वार भी प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि महाराजपुर में 172 हेक्टेयर क्षेत्र में और ग्राम करमाता में 0.809 हेक्टेयर क्षेत्र में निर्वतन पद्धति से निज निवेश के रूप में निर्माण कराया जाएगा। निर्वतन के अंतर्गत भूमि का कुछ भाग निज निवेशक को सौंप कर उसके मूल्य के बदले निवेशक द्वारा निर्माण कार्य कराया जाएगा। ग्राम गौरय्या में हाउसिंग बोर्ड स्वयं के निवेश से निर्माण कार्य करेगा।आयुक्त शुक्ल ने बताया कि अपने नाम को चरितार्थ करती इस सु-राज कॉलोनी में सभी मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी।मुख्य शहर के नजदीक होने के साथ ही बाजार, स्कूल, अस्पताल, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, स्कूल इस कॉलोनी के नजदीक ही स्थित हैं। नागरिकों को मात्र 8 लाख 50 हजार रूपये की कीमत में आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

# पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी ने 1482 शिविर लगा कर 19 हजार 366 शिकायत का किया निराकरण

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान के द्वितीय चरण में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 10 से 30 मई तक जबलपुर, सागर, रीवा एवं शहडोल संभागों में उपभोक्ता शिविरों को लगा कर उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। पिछले 18 दिन में कंपनी क्षेत्र के 476 वितरण केन्द्र में 1482 शिविर लगाए जा चुके हैं। इन शिविरों में प्राप्त 22 हजार 578 शिकायतों में से 19 हजार 366 शिकायतों का निराकरण मौके पर ही किया जा चुका है और 2577 शिकायतों का निराकरण प्रक्रियाधीन है। शिविरों में ऐसी 1120 शिकायतें भी प्राप्त हुई, जिनमें कार्यवाही किया जाना संभव नहीं था।

उपभोक्ता शिविरों में प्राप्त सर्वाधिक 11 हजार 911 शिकायतें नए कनेक्शन से संबंधित रहीं, जिसमें 10 हजार 308 शिकायतों का निराकरण शिविर में ही कर दिया गया। अधिक बिल से संबंधित 4286 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें 3394 शिकायत निराकृत कर दी गई हैं। बिजली सप्लाई से संबंधित 3555 शिकायतें मिलीं, जिसमें 3214 शिकायत का समाधान किया गया है। मीटर रीडिंग से संबंधित 1092 शिकायत में से 1021 का निराकरण किया गया है। जबलपुर रीजन में 217 वितरण केन्द्रों में 555 शिविर लगाए गए, जिसमें प्राप्त 7062 शिकायत में से 6234 का निराकरण किया गया तथा 1080 शिकायत का निराकरण लंबित है। सागर रीजन में 123 वितरण केन्द्रों में 737 शिविर लगाए गए, जिसमें 7457 शिकायत प्राप्त हुई तथा 6162 शिकायत का मौके पर निराकरण किया गया। रीवा रीजन के 96 वितरण केन्द्र में शिविर लगाए गए, जिसमें प्राप्त 6587 शिकायत में से 5602 शिकायत का निराकरण किया गया। शहडोल रीजन में 40 वितरण केन्द्र में प्राप्त हुई 1472 शिकायत में से 1368 शिकायत का निराकरण किया जा चुका है। कंपनी द्वारा बिजली उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान में लगाए जा रहे उपभोक्ता शिविरों में उपस्थित होकर अपनी शिकायतों का समाधान करा सकते हैं।

## इंदौर से रिमोट के जरिए राजगढ़ में पावर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत

**भोपाल।** एमपी ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने नवाचार को आगे बढ़ाते हुए इंदौर क्षेत्र में पहली बार 220 के.व्ही. वोल्टेज स्तर का 160 एम.व्ही.ए. क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर रिमोट से ऊर्जीकृत करने में सफलता प्राप्त की है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इंदौर में पावर सेक्टर की इस एडवांस्ड टेक्नोलॉजी का एमपी ट्रांसको के 220 के.व्ही. सिस्टम में सफलतापूर्वक इस्तेमाल करने पर बधाई दी है। मध्यप्रदेश के पश्चिम क्षेत्र इंदौर में पहली बार स्काडा नियंत्रण कक्ष इंदौर से एच.एम.आई. तकनीक के सहारे 110 किलोमीटर दूर स्थित 220 के.व्ही. सब स्टेशन राजगढ़ में लगभग 9 करोड़ रूपये की लागत से स्थापित नए 160 एम.व्ही.ए. क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर को रिमोट के जरिये ऊर्जीकृत किया गया है। मालवा क्षेत्र को अब तकरीबन 150 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत उपलब्ध कराया जाना संभव होगा। राजगढ़ सब स्टेशन से जुड़े क्षेत्रों को बहुत फायदा पहुँचेगा और उपभोक्ताओं को उचित वोल्टेज पर गुणवत्तापूर्ण विद्युत का प्रदाय किया जा सकेगा। ह्यूमन मशीन इंटरफेस तकनीक में मानव और कम्प्यूटर मशीनों का उपयोग कर रिमोट से उपकरणों को नियंत्रित किया जाता है। एमपी ट्रांसको के प्रदेश में क्रियाशील तीन स्काडा कंट्रोल सेंटर में एडीएमएस के सहारे इस तकनीक का उपयोग किया जाता है

स म्पा द की य

# महाकाल लोक की मूर्तियां

भ्रष्टाचार का रोग सिस्टम में इस कदर व्याप्त हो गया है कि लोग भगवान को भी नहीं छोड़ रहे हैं। और तो और भ्रष्टाचारियों ने महाकाल के मंदिर तक को नहीं छोड़ा। महाकाल लोक का लोकार्पण प्रधानमंत्री ने किया था, लेकिन इसका निर्माण कैसा हुआ, विगत दिवस आई हलकी सी आंधी ने खुलासा कर दिया। यह हमारे सिस्टम में व्याप्त खामियों का प्रमाण है, लेकिन स्थानीय प्रशासन ने अभी तक इस मामले में कोई जांच नहीं बैठाई है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने एक कमेटी का गठन कर दिया है, जो इसकी जांच करेगी।

उज्जैन में रविवार शाम 4 बजे चली तेज आंधी से महाकाल



लोक में स्थापित सप्तऋषियों की 7 में से 6 मूर्तियां गिर गईं। 10 से 25 फीट ऊंची ये मूर्तियां लाल पत्थर और फाइबर रेनफोर्स प्लास्टिक यानि एफआरपी से बनी हैं। इन पर गुजरात की एमपी बाबरिया फर्म से जुड़े गुजरात, ओडिशा और राजस्थान के कलाकारों ने कारीगरी की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 अक्टूबर 2022 को उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर के नए परिसर महाकाल लोक का लोकार्पण किया था।

मूर्तियां गिरने की सूचना पर प्रशासनिक अधिकारियों की टीम महाकाल लोक पहुंच गई। श्रद्धालुओं को वहां से बाहर निकाला गया। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम कहते हैं कि बहुत तेज आंधी आने के कारण मूर्तियां पेडस्टल से नीचे गिरी हैं। लाल पत्थर और फाइबर रेनफोर्स प्लास्टिक से बनी इन मूर्तियों की लाइफ 10 साल है। पत्थर की मूर्तियां बनने में समय लगेगा। फिलहाल कंपनी को ही इनका रखरखाव करना है। क्रेन की मदद से मूर्तियों को दोबारा लगवाया जाएगा। फिलहाल मूर्तियों को पुर्नस्थापित करने के लिए महाकाल लोक को बंद किया है।

यहां भगवान शिव समेत अन्य देवी-देवताओं की 190 से अधिक विशाल मूर्तियां लगाई गई हैं। महाकाल लोक परियोजना के पहले चरण पर 310 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। इसके बाद 778 करोड़ की लागत से दूसरे चरण का काम शुरू हुआ। इसके तहत महाकाल लोक परिसर का विस्तार और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। महाकाल लोक में मूर्तियों को हुए नुकसान के संबंध में पीसीसी चीफ कमलनाथ ने कांग्रेस नेताओं की 7 सदस्यीय समिति बनाई है, भ्रष्टाचार का आरोप भी लगाया है, लेकिन अभी तक यह खुलासा नहीं हुआ है कि प्रशासन की तरफ से जांच कौन करेगा?

मूर्तियों के खंडित होने पर यह पता चला कि यह मूर्तियां फाइबर ग्लास की बनी हुई थीं। अगर आंधी उन्हें नहीं गिराती तो कुछ दिन में तेज गर्मी उनकी शक्लें बदल देती। यह बात उसी समय उठी थी जब पीएम ने इसका उद्घाटन किया था। बात भोपाल तक पहुंची तो लोकायुक्त ने जिम्मेदार अधिकारियों को नोटिस देकर जांच शुरू की।बाद में क्या हुआ यह पता नही चला। हां जिन अफसरों को नोटिस दिए गए थे उन्हें सरकार ने और अच्छे पदों पर बैठा दिया। ऐसे में किसी जिम्मेदार पर कार्रवाई हो पाएगी, कहना मुश्किल ही है। अभी दूसरे चरण का काम चल रहा है। इसे जून 23 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इस चरण पर 778 करोड़ से भी ज्यादा खर्च होने का अनुमान है।

देखा जाए तो आज आंधी ने जो किया उसको लेकर बातें तो सात महीने से हो रही थीं। कहा यह जा रहा है कि महाकाल मंदिर के विस्तार की योजना से सबने अपना अपना विस्तार किया है। आरोप हैं कि कर्नाटक की तरह 40 परसेंट से भी ज्यादा का खेल यहां भी खुलकर खेला गया। इसी वजह से 700 करोड़ की परियोजना 1150 करोड़ से भी ऊपर निकल गई। संभावना है कि यह राशि अभी और बढेगी। क्योंकि इस साल विधानसभा चुनाव भी तो होना है। परियोजना तो परियोजना है। वह चाहे सिंचाई के लिए बन रहा बांध हो या फिर महाकाल का महालोक। पानी तो सबसे बहाया जाना है और इसमें शामिल लोगों को खुलकर अपनी व्यवस्था भी करना है। व्यवस्था की भी गई, जैसी कि पिछले सिंहस्थ में हुई। अब यह बात और है कि जो लोग आज भ्रष्टाचार की बात कर रहे हैं, उन्होंने सरकार में आने के बाद सिंहस्थ को लेकर अपने ही आरोपों की फाइलें दबा लीं।

हजारों करोड़ खर्च के बाद भी क्षिप्रा नदी का पानी साफ नहीं है। इसमें नर्मदा का पानी भी मिलाने के लिए करोड़ों खर्च किए गए, पानी आज भी उतना ही दिखता है, जितना पहले दिखता था। उतना ही गंदा भी। सार यह है कि सिस्टम ने भगवान को भी नही बख्शा। महाकाल के महालोक से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने राज्य में कई महालोक बनवाने का ऐलान कर दिया है। मुख्यमंत्री के मुताबिक सरकार दतिया में देवी महालोक, छिंदवाड़ा के जामसांवली में हनुमान महालोक, इंदौर के पास जानापाव में भगवान परशुराम महालोक, सलकनपुर में देवी महालोक बनवाएगी। अब सवाल यह भी तो उठता है कि क्या इन महालोक को यही भ्रष्ट सिस्टम बनाएगा? जीरो टालरेंस वाले राज्य में ऐसा हो रहा है, तो कहीं न कहीं शीर्ष में बैठे लोगों को गुमराह भी किया जा रहा होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि महाकाल लोक के निर्माण में भ्रष्टाचार की फाइलें खुलेंगी और सही जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी।

Vallabh Bhawan Corridors 2 Central Vista

# अलग-थलग दिखाई देते सिंधिया

**सुरेश तिवारी**

मध्य प्रदेश की भाजपा राजनीति से अब केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अलग-थलग से दिखाई देने लगे हैं। तीन साल पहले जब ज्योतिरादित्य सिंधिया भाजपा में अपने दल-बल के



साथ शामिल हुए थे, तो उनका पलक पांवडे बिछाकर स्वागत हुआ था। इसलिए कि तब सिंधिया और उनके समर्थकों को भाजपा की सरकार बनने का माध्यम समझा गया था। लेकिन, अब स्थिति बदल गई है। धीरे-धीरे ज्योतिरादित्य भाजपा में उपेक्षित दिखाई देने लगे। अब उन्हें सभी कहीं मीटिंगों में शामिल नहीं किया जाता और न सभी मुद्दों पर चर्चा की जाती है।

क्योंकि अब वे पार्टी के लिए उतने महत्वपूर्ण नहीं रहे, जितना तीन साल पहले थे। वे धीरे-धीरे हाशिए पर जाते दिखाई दे रहे हैं। पिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी की कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें करीब 11 सौ से ज्यादा लोग शामिल थे। लेकिन, वहां यदि कोई नहीं था तो वे सिंधिया। उन्हें बुलाया नहीं गया या वे खुद नहीं आए, यह अलग मुद्दा है। लेकिन, उनकी गैर-मौजूदगी को गंभीरता से देखा गया है। इसके अलावा पिछले सप्ताह भाजपा की मध्य प्रदेश को लेकर हुए महत्वपूर्ण घटनाक्रम में भी कहीं सिंधिया का नाम दिखाई नहीं दिया। गत बुधवार सीएम हाउस में दिल्ली से विशेष रुप से भोपाल आए नेताओं में भी सिंधिया नदारद थे।

इसलिए यह कयास लगाए जा रहे हैं कि लगता है अब सिंधिया और उनके साथी भाजपा के किनारे पर लाए जा रहे हैं। यह सिर्फ कयास ही नहीं, बल्कि सिंधिया के हाव भाव से भी लगता है कि उन्हें भाजपा में महत्व नहीं मिल रहा है। अब देखना है कि विधानसभा चुनाव में उनके उन साथियों की क्या स्थिति बनती है, जो उनके साथ आज भी खड़े हैं। उनमें से कितनों को टिकट मिलता है और कितनों के टिकट कटते हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि लेकिन यदि मंत्रिमंडल का पुनर्गठन होता है, तो उसमें भी सिंधिया समर्थकों की छंटनी किए जाने की बात की जा रही है।

**बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की सुगबुगाहट**

मध्यप्रदेश के सियासी और प्रशासनिक गलियारों में एक बार फिर यह चर्चा जोरों पर है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विधानसभा चुनाव के पहले बड़ी प्रशासनिक सर्जरी करने जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस सर्जरी में मंत्रालय से लेकर कुछ संभागीय कमिश्नर और कलेक्टर भी प्रभावित हो सकते हैं।

मंत्रालय में कई मंत्री अपने सचिवों और प्रमुख सचिव को लेकर परेशान हैं और कई बार मुख्यमंत्री से बदलने का आग्रह भी कर चुके हैं। हालत यहां तक है कि सिंधिया समर्थक एक मंत्री को ज्योतिरादित्य सिंधिया के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र लिखना पड़ा और उनसे कहलवाना पड़ा लेकिन अभी भी सीएम ने उनके प्रमुख सचिव को नहीं हटाया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान को स्वास्थ विभाग से हटाकर कोई महत्वपूर्ण विभाग सौंपा जा सकता है। माना जा रहा है कि उन्हें विद्युत या उद्योग विभाग की कमान फिर से सौंपी की जा सकती है। दीपाली रस्तोगी के पास दो भारी-भरकम विभाग हैं। इसमें से



एक विभाग की जिम्मेदारी किसी दूसरे अफसर को दी जा सकती है। अनुसूचित जाति और जनजाति कार्य विभाग की प्रमुख सचिव पल्लवी जैन गोविल भी अपने विभाग से हटना चाहती है क्योंकि उनकी अपने मंत्री से लंबे समय से पटरी नहीं बैठ रही है। पल्लवी जैन को कोई महत्वपूर्ण विभाग मिल सकता है। स्कूल शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव अरुण शमी, जीएडी की प्रमुख सचिव दीप्ति गौड़ मुखर्जी, प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे, प्रमुख सचिव मुकेश गुप्ता के बदलने की भी सुगबुगाहट प्रशासनिक गलियारों में चल रही है।

इंदौर और उज्जैन के संभाग आयुक्त को विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बदला जाना लगभग तय है क्योंकि इन्हें एक ही स्थान पर 3 साल का समय हो चुका है या होने वाला है। इसके अलावा रीवा के कमिश्नर अनिल सुचारी और शहडोल कमिश्नर राजीव शर्मा के नाम भी चर्चा में है। चंबल संभाग के आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार ग्वालियर संभाग के आयुक्त के पास है। विधानसभा चुनाव को देखते हुए चंबल संभाग में अलग से आयुक्त पदस्थ किया जा रहा है। करीब एक दर्जन कलेक्टर भी इधर-उधर किए जा सकते है। टीकमगढ़, गुना,विदिशा,पन्ना,रायसेन भिंड,अशोकनगर,राजगढ़, नर्मदा पुरम जिलों के कलेक्टर के बदलने की सुगबुगाहट है।

**प्रह्लाद पटेल का वह ट्वीट !**

कर्नाटक चुनाव के बाद मध्य प्रदेश भाजपा में बहुत कुछ घट रहा है। जो सतह से ऊपर आया उससे कहीं ज्यादा घट रहा है। पिछले दिनों अचानक एक खबर आई कि केंद्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद पटेल को मध्य प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष बनाया जा रहा है।



यह खबर सोशल मीडिया जबरदस्त तरीके से चली और शाम तक उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। लेकिन, बाद में कहा गया कि ऐसा कुछ नहीं हुआ। सोशल मीडिया ने प्रहलाद पटेल को अध्यक्ष बना दिया और लोगों ने बधाई भी दे दी थी।

यहां तक तो ठीक था, लेकिन सवाल उठता है यह अफवाह क्यों उड़ी! कोई कुछ भी कहे, लेकिन इस अफवाह के गर्भ में प्रह्लाद पटेल का वह ट्वीट है, जिसकी वजह से सोशल मीडिया पर अनुमान के साथ अफवाह उड़ी। इसलिए कि एक दिन पहले देर रात सीएम हाउस में चार नेताओं के बीच लंबी बातचीत हुई थी, जिसमें एक प्रह्लाद पटेल भी थे। इसके बाद प्रह्लाद पटेल ने हीं एक बेहद घुमाफिरा ट्वीट किया। उसमें नरेंद्र तोमर, कैलाश विजयवर्गीय और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को अपना बड़ा भाई, हमदर्द और न जाने क्या-क्या बताते हुए धन्यवाद दिया गया।

मै अपने पुराने मित्रों और अग्रजों सर्वश्री शिवराज जी, तोमर जी, कैलाश जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने मेरी इस मन: स्थिति से उवारने एवं सक्रियता के लिए एक पुराना प्रयोग कर मुझे संबल दिया ।संघर्ष के समय में,आपस के प्रेम और विश्वास का अहसास हुआ। इस ट्वीट में कुछ ऐसा लिखा गया जिससे यह प्रतीत होता था कि प्रहलाद पटेल को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल गई है, या शीघ्र ही मिलने वाली है। सियासी गलियारों में यह चर्चा है कि जो अफवाह उड़ी, उसके पीछे यही ट्वीट आधार भी बना।

**कांग्रेस में भी कुछ अच्छा नहीं चल रहा!**

यदि ये समझा जाए कि भारतीय जनता पार्टी में कुछ अच्छा नहीं चल रहा, तो स्थिति कांग्रेस में भी बहुत ज्यादा बेहतर नहीं है। चुनाव से पहले दोनों पार्टियों में उठापटक का दौर चल रहा है। इस



तारतम्य में डिंडोरी के जिला कांग्रेस अध्यक्ष को हटाए जाने के बाद वहां विद्रोह के हालात पैदा हो गए। हटाए गए अध्यक्ष के समर्थन में कई लोगों ने पार्टी छोड़ दी। यहां तक कि विधानसभा चुनाव लड़ने तक की बात भी सामने आई। इसका कारण बताया गया कि कमलनाथ अपनी मनमानी करते हैं। अभी यह साफ नहीं हुआ है वास्तविकता क्या है! लेकिन, पन्ने पलटकर देखें तो पहले अध्यक्ष बनाकर उन्हें हटाए जाने की घटनाएं खंडवा और इंदौर में भी हुई। खंडवा में तो दो महीने बाद अध्यक्ष बना दिया गया। लेकिन, इंदौर की फाइल चार महीने बाद अभी भी अटकी हुई है।

कुछ ऐसे ही हालात डिंडोरी में हुए और वहां विद्रोह के हालात बन गए। इस सबके पीछे कमलनाथ की मनमानी पर उंगली ज्यादा उठाई जा रही है। यदि इसी तरह चलता रहा तो मध्य प्रदेश में कांग्रेस के लिए फिर से सत्ता हासिल करना केवल सपना बनकर ही रह जाएगा।

**ऐसे सुझावों का क्या मतलब?**

इंदौर में 'गौरव दिवस' के कार्यक्रम 25 मई से शुरू हो गए, जो 31 मई तक चलेंगे। लेकिन, पिछली बार की तरह इस बार के कार्यक्रमों का शहर में कोई माहौल नहीं बना। ये आयोजन पूरी तरह सरकारी दिखाई दे रहे हैं। इसमें नगर निगम और जिला प्रशासन शामिल है, लेकिन दोनों में भी सामंजस्य दिखाई नहीं दे रहा। खास बात यह कि महापौर इसका श्रेय लेने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे। लेकिन, एक मामले में वे चूक गए।

26 मई को 'इंदौर गौरव दिवस' को लेकर शहर के प्रबुद्ध नागरिकों की एक बैठक बुलाई गई। इसमें कई उद्योगपति, सामाजिक और व्यापारिक संगठनों के अध्यक्ष और कई प्रमुख व्यक्ति शामिल हुए। महापौर ने उनसे 'इंदौर गौरव दिवस' को लेकर सुझाव मांगे और उन्होंने दिए भी। लेकिन, सवाल यह है, कि जब 25 मई से कार्यक्रम शुरू हो गए तो 26 मई को बैठक बुलाकर सुझाव क्यों मांगे गए। जो सुझाव दिए गए क्या उनको कार्यक्रमों में अब शामिल किया जाना संभव है!

इसलिए लगता है कि यह बैठक महज औपचारिकता है। यदि वास्तव में महापौर 'इंदौर गौरव दिवस' में शहर के लोगों की सहभागिता चाहते, तो यह मीटिंग कम से कम एक महीने पहले होना थी, ताकि जब 7 दिन के कार्यक्रमों की रूपरेखा बनती तो उनमें सुझावों को भी शामिल किया जाता। यह औपचारिकता के साथ इंदौर के प्रबुद्ध नागरिकों का अपमान भी है। उन्हें बुलाया गया, सुझाव भी लिए गए लेकिन उनका होना कुछ नहीं है।

**आईएएस नियाज खान की चर्चित किताब अब हिंदी में!**

'द कश्मीर फाइल्स' फ़िल्म पर अपनी टिप्पणी को लेकर विवादों में रहे आईएएस अधिकारी नियाज खान की अंग्रेजी के बाद हिंदी में भी ब्राम्हणों पर लिखी किताब आज रिलीज हो रही है। नियाज़ ने हाल ही में ट्वीट कर इसके कवर पेज की जानकारी दी। अंग्रेजी में यह किताब तीन महीने पहले आई थी।

जब अंग्रेजी वाली किताब आई थी, तब इस चर्चित आईएएस को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया था। उन्होंने ट्रोलर्स को जवाब देते हुए ट्वीटर लिखा था कि लोग मुझसे पूछ रहे हैं कि मैंने 'ब्राम्हण द ग्रेट' क्यों लिखा? इस पर नियाज खान ने जवाब दिया कि ब्राह्मण बहादुरी, दयालुता और ईमानदारी का नाम है। ब्राह्मण एक प्रतिभा का नाम है। साथ ही ब्राह्मण बलिदान का नाम है। आगे उन्होंने कहा था कि ब्राह्मण देशभक्त का भी नाम है। ब्राह्मण संस्कृति और धर्म के रक्षक है।

अब ये किताब हिंदी में भी आ रही है और निश्चित रूप से इसकी चर्चा फिर होगी। क्योंकि, प्रदेश में जिस तरह का माहौल है, एक मुस्लिम आईएएस का ब्राह्मणों को ग्रेट बताते हुए किताब लिखना बड़ी बात ही कहीं जाएगी।

**दिल्ली पुलिस मे जल्दी ही बड़ा फेरबदल**

दिल्ली पुलिस मे जल्दी ही बडा फेरबदल होने जा रहा है। सूत्रों का कहना है इस फेरबदल मे सहायक आयुक्त से लेकर विशेष आयुक्त तक प्रभावित होंगे। बताया जाता है कि पुलिस आयुक्त को गृह मंत्रालय से भी इस फेरबदल की अनुमति मिल गई है।

**नये संसद भवन का उद्घाटनः काम नहीं आए विपक्ष के हथकंडे**

तमाम राजनीतिक रस्साकसी के बीच आखिर नये संसद भवन का उद्घाटन हो गया। प्रधानमंत्री मोदी को उद्घाटन करने से रोकने के लिए विपक्ष ने तमाम बयानबाजी की, हथकंडे अपनाए, सुप्रीम कोर्ट से भी उन्हें मुंह की खानी पड़ी। छोटे बड़े 25 दल भाजपा के साथ खडे हुए और उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। सत्ता के गलियारों में भी विपक्ष के इस नकारात्मक राजनीति की काफी आलोचना की गई।

**आप नेताओं से नाराज ब्यूरोक्रेसी**

दिल्ली की आप सरकार केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ विपक्ष दलों अपने पक्ष में करने के लिए बहुत जोर लगा रही है। कयी विपक्षी दलों के मुख्यमंत्री केजरीवाल के समर्थन में बयान भी दे चुके हैं, लेकिन जानकारों का कहना है केंद्र सरकार दिल्ली के तबादले और पोस्टिंग संबधित अध्यादेश को राज्य सभा से पारित करवा ले जाएगी। आप की सबसे बड़ी समस्या यह है कि दिल्ली के अधिकांश अधिकारी आप के नेताओं से नाराज बताए जाते हैं।

# राज-काजः दिग्विजय के आरोपों पर भाजपा नेताओं की मुहर

**दिनेश निगम 'त्यागी'**

कई राजनीतिक उलटफेर के बाद बुंदेलखंड में सागर ही ऐसा था, जो भाजपा के लिए सबसे सुरक्षित माना जा रहा था, लेकिन वहां के नेताओं की ताजा लड़ाई ने समूची भाजपा को हिला कर रख दिया है। पहली बार सागर के सभी कद्दावर नेता, मंत्री, विधायक, महापौर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के खास मंत्री भूपेंद्र सिंह के



खिलाफ मुखर हैं। उन्हें आतंक का पर्याय माना जा रहा है।

राजनीति का कमाल देखिए पिछले दिनों गढ़ाकोटा के एक कार्यक्रम में भूपेंद्र सिंह ने गोपाल भार्गव की जमकर तारीफ की थी और आज भार्गव को भी भूपेंद्र के खिलाफ लड़ाई में साथ खड़ा होना पड़ा। साफ है कि बाहर एकता का प्रदर्शन हो रहा था लेकिन अंदरखाने असंतोष भभक रहा था। हालांकि गोपाल भार्गव ने एक वीडियो बयान जारी कर पार्टी के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। भूपेंद्र पर भाजपा नेता जो आरोप लगा रहे हैं, खुरई पहुंच कर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने भी यही कहा था। इस तरह भाजपा नेताओं ने ही दिग्विजय के आरोपों पर मुहर लगा दी। भाजपा नेताओं के बीच की यह लड़ाई नई नहीं है। संत रविदास जयंती पर सागर पहुंचे मुख्यमंत्री चौहान ने भूपेंद्र-गोविंद सिंह राजपूत को साथ बैठा कर समझौता कराने की कोशिश की थी लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। बात इतनी बढ़ गई कि सागर के अधिकांश नेता भूपेंद्र के खिलाफ हो गए।

**बात का बतंगड़ और सोशल मीडिया का कमाल**

सोशल मीडिया से हर कोई डरता है। यह प्लेटफार्म किसी की भी पोल खोल सकता है, धजी का सांप बनाने की तरह झूठ को सच साबित कर सकता है। बात के बतंगड़ से ऐसा कमाल कि मप्र भाजपा के अध्यक्ष वीडी शर्मा रातों-रात हट जाते हैं और उनके स्थान पर प्रहलाद पटेल की ताजपोशी हो जाती हैं। प्रहलाद को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाने की खबर सोशल मीडिया में गुरुवार की रात से चली। शुक्रवार को



हालात ये हो गए कि आने वाले हर फोन में सिर्फ यही पूछा जा रहा था कि क्या प्रहलाद प्रदेश अध्यक्ष बन गए।

प्रहलाद सहित पार्टी का हर नेता और पत्रकार जवाब दे देकर परेशान। गलती अपने मीडिया जगत के सूरमाओं की ही है। उन्होंने ही यह खबर ब्रेक की। ठीक है राजनीतिक खबरें संभावनाओं पर आधारित होती हैं लेकिन इतना भी नहीं की डिसीजन ही सुना दिया जाए। दिल्ली से अचानक भोपाल आए भाजपा के पांच वरिष्ठ नेताओं की रात में सीएम हाउस में हुई बैठक के बाद प्रदेश नेतृत्व में बदलाव की खबरों को बल मिला। इसके बाद भी नेताओं के आपस में मिलने का सिलसिला जारी है। कैलाश विजयवर्गीय दूसरी बार दिल्ली से भोपाल आए और रात में बैठक की। इस आधार पर यह अटकलें तो ठीक हैं कि भाजपा में बदलाव की कवायद चल रही है लेकिन प्रहलाद को अध्यक्ष बनाकर वीडी की नींद उड़ाना सरासर गलत है।

**क्या मौके के इंतजार में रखा गया था यह लेटर बम**

वीडी शर्मा को लेकर लिखा गया एक लेटर सबसे ज्यादा चर्चा में है। वर्ष 2022 के इस पत्र को पहले कांग्रेस के एक नेता ने वायरल कर



वीडी को घेरा था, इसे ही बाद में सागर महापौर संगीता तिवारी के पति सुशील तिवारी ने सोशल मीडिया पर जारी कर दिया। पत्र में वीडी शर्मा पर गंभीर आरोप हैं। तिवारी ने पत्र ही नहीं जारी किया, नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाने की बात भी कह डाली। इससे भाजपा के अंदर हड़कंप मच गया।

तिवारी को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी हुआ। गलती का अहसास होने पर हड़बड़ाए तिवारी ने जवाब देने में देर नहीं लगाई। सुशील ने इसका दोषी अपने पीए को ठहराया और जानकारी दी कि गलती करने पर उन्होंने अपनी पीए को हटा दिया है। इतना वृतांत तो हर किसी को मालूम है, लेकिन सवाल उठता है कि क्या इस लेटर बम को मौके के इंतजार में दबा कर रखा गया था? जैसे ही नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कसरत शुरू हो गई, इस लेटर बम से विस्फोट कर दिया जाएगा। वरना वर्ष 2022 में लिखा गया यह लेटर अब ही सामने क्यों आया जब प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन की खबरें तेजी से फैली हैं। बता दें, सुशील तिवारी पुराने कांग्रेसी हैं। मंत्री भूपेंद्र के प्रयास से वे भाजपा में आए थे और उनकी



ही सिफारिश पर इनकी पत्नी को महापौर का टिकट मिला था।

**लीजिए! मप्र में भी हो गई बजरंग बली की एंट्री**

कर्नाटक के बाद मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी बजरंग बली अपनी भूमिका निभाएंगे। फर्क यह है कि कर्नाटक में भाजपा ने बजरंग दल पर वैन की घोषणा को बजरंग बली के अपमान से जोड़ दिया था, जबकि मप्र में कमलनाथ खुद को सबसे बड़ा हनुमान भक्त साबित करने की कोशिश में हैं। कर्नाटक को लेकर बजरंग दल और भाजपा ने देश भर में हनुमान चालीसा का पाठ किया था और भाजपा के नेता बजरंग बली का जयकारा लगवा कर प्रचार कर रहे थे। मप्र में कमलनाथ को बजरंग सेना का साथ मिला है।

बजरंग सेना ने एलान किया है कि वह कांग्रेस के समर्थन में बड़ी भगवा रैली निकालेगी। बाद में ये रैलियां प्रदेश के हर शहर में निकाली जाएंगी। अर्थात कमलनाथ भाजपा को उसी की शैली में जवाब देने की कोशिश में हैं। कनार्टक में भाजपा को बजरंग बली का साथ नहीं मिला, उसे बुरी पराजय मिली। मप्र में बजरंग बली की कृपा किस पर बरसती है, यह देखने लायक होगा। कमलनाथ भाजपा के हिंदू-मुस्लिम कार्ड से सतर्क हैं और ऐसा कोई काम नहीं करेंगे कि भाजपा को मौका मिले। मप्र में विधानसभा चुनाव 6 माह बाद हैं। दोनों प्रमुख दलों भाजपा-कांग्रेस ने अपनी तरकश से चुनावी तीर निकाल निए हैं। 'तू डाल डाल, मैं पात पात' की तर्ज पर चल रहीं राजनीतिक चाल का बजरंग बली भी हिस्सा बन गए हैं।

**ओमकार मरकाम से सीखिए, कैसे लूटते हैं वाहवाही**

राजनीति में छोटे से बड़े स्तर तक किसी काम अथवा कार्यक्रम का श्रेय लेने की होड़ लगी रहती है। यह कला किसी को सीखनी है तो कांग्रेस के आदिवासी विधायक ओमकार सिंह मरकाम से संपर्क करिए। डिंडोरी जिले के एक कार्यक्रम में ओमकार ने कुछ ऐसा ही करिश्मा किया। आयोजन लाड़ली बहना योजना को लेकर सरकारी था। इसमें राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अतिथि के तौर पर पहुंचे थे। क्षेत्रीय विधायक होने के नाते इसमें ओमकार सिंह को भी बुलाया गया था। जैसा आमतौर पर होता है, समयाभाव के कारण विपक्ष के इस विधायक को कार्यक्रम को संबोधित करने की अनुमति नहीं मिली। ओमकार ने तत्काल एक प्लान पर काम किया। उन्हें पता चला कि कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए भोजन की कोई व्यवस्था नहीं है। ओमकार ने आनन-फानन अपनी टीम को सक्रिय किया और कढ़ी-चावल बनाने का निर्देश दिया। कार्यक्रम खत्म होने से पहले ही रास्ते में लोगों के लिए ओमकार की तरफ से कढ़ी-चावल के बैनर लग गए। कढ़ी-चावल इतनी मात्रा में तैयार हुई कि भूखे लोगों ने भरपेट खाकर अपनी भूख शांत की। इस तरह ओमकार ने कार्यक्रम को संबोधित भी नहीं किया और उसका पूरा श्रेय भी लूट लिया। दलीय आलोचना से अलग हटकर यह कला हर नेता को आना चाहिए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## 30 मई को होगा कैंपस ड्राइव का आयोजन

नर्मदापुरम/।जिला रोजगार कार्यालय द्वारा केंपस ड्राइव का आयोजन 30 मई 2023 को जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र में किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान किए जाना है। ड्राइव में ट्राइडेंट बुधनी, वर्धमान बुधनी, स्वतंत्र, ट्रिलोजिक, एलआईसी, आईआईएम एविएशन एकेडमी, आराध्ैयास ट्रेडिंग, 9 वाइट डिजिटल, वक्रतुण्ड, नवकिसान बायोटेक आदि कंपनियों में विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। ड्राइव में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक आवेदक लिंक पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं।

## वॉलीबॉल खिलाड़ी रानी बनी टॉपर

सिवनी। वॉलीबॉल खिलाड़ी रानी सनोडिया ने हाल ही में घोषित हुए हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में टॉप किया है। उन्होंने बड़ी समूह में 91त्न अंक प्राप्त किया है। रानी वालीबाल में राष्टीय एवं राज्य स्तर पर अपना जौहर दिखा चुकी हैं। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रशिक्षक अब्दुल हक ने बताया कि रानी सनोडिया ने बचपन से ही उनके मार्गदर्शन पर वॉलीबॉल का अभ्यास कर रही हैं। इन्होंने अलग-अलग कैटेगरी में नेशनल गेम खेल है, रानी भोपाल में आयोजित खेलो इंडिया मैं नेशनल टीम का हिस्सा भी रही है। खेल में अच्छा प्रदर्शन करने के साथ रानी सनोडिया ने कक्षा 12वीं में गणित समूह मे 91 प्रतिशत अंक प्राप्त करके संदेश दिया है कि खेल और पढ़ाई दोनों में एक साथ सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस सफलता पर खेल प्रेमी के अलावा प्रशिक्षक अब्दुल हक, बराती लाल, अब्दुल सलीम, अमोल चंद्रा एवं प्रदीप वर्मा ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## समर कैंप वॉलीबॉल के रंग में रंगा 170 बच्चे ले रहे हैं भाग

सिवनी। जिला मुख्यालय में 5 मई से समर कैंप चल रहा है, जो खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किया गया है। इस कड़ी में वालीबाल खेल अंतर्गत 170 बच्चे रुचि दिखाकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। खेल प्रशिक्षक अब्दुल हक ने बताया कि उनके द्वारा खिलाड़ियों को वॉलीबॉल के अलावा रिग्रेशन गेम भी खिलाया जा रहा है। जिससे बच्चों में एक नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। खिलाड़ी भी समर कैंप का आनंद ले रहे हैं। वॉलीबॉल कैंप में प्रशिक्षक बराती लाल, अमूल चंद्रा, प्रदीप वर्मा एवं अब्दुल सलीम द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## राईवल हायर सेकेंड्री स्कूल के छात्र-छात्राओं का सुयश

छतरपुर। राईवल हायर सेकेंड्री स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मध्यप्रदेश बोर्ड के 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में शानदार उपस्थिति दर्ज कराकर जिले एवं संस्थान का नाम रोशन किया है। कक्षा 10वीं में प्रशांत सोनी ने 89 प्रतिशत, मयंक सोनी 88 प्रतिशत, अभि अग्रवाल 87 प्रतिशत,अल्ताफ तनवीर राईन एवं आरजू सेन ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। वहीं 12वीं में वायो ग्रुप से शिवांगी नीखरा 86 प्रतिशत, कॉमर्स से देवांश रूसिया 84 प्रतिशत और मेथ ग्रुप से सिद्धी खरया ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले एवं संस्थान का नाम रोशन किया है। वहीं विद्यालय के छात्र शुभ कुचया का जेईई की परीक्षा में चयन हुआ है। स्कूल के संचालक राकेश रूसिया एवं जयदीप बृजपुरिया ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## बेमौसम गिरी आकाशीय बिजली एक अधेड़ युवक की हुई मौत

बिजावर/ बिजावर क्षेत्र में बदले मौसम के कारण लगातार बारिश हो रही और प्राकृतिक घटनाएं भी हो रही है। आज भी दोपहर में नारायणपुरा हार मे आकाशीय बिजली गिरने से एक 40 वर्षीय कुशवाहा युवक जो कि मौत हो गई यह ग्राम ललगुंवा का निवासी है जो अपने खेत पर काम कर रहा था। तभी आकाशीय बिजली गिर गई और यह युवक बुरी तरह झुलस गया जिसे परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजावर लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले जो जांच में लिया गया है। इस हृदय विदारक घटना की सूचना लगते ही विधायक राजेश शुक्ला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और मृतक के परिजनों को सांत्वना दी साथ ही एसडीएम राकेश शुक्ला को शासन से मिलने वाली हर संभव मदद के लिए निर्देशित किया है।

## राजनीति में धर्म नहीं होगा तो राजनीति अंधी हो जाएगी - चिदम्बरानंद

रतलाम । कई लोग कहते है कि राजनीति में धर्म नहीं होना चाहिए, लेकिन मैं कहता हूं कि यदि राजनीति में धर्म नहीं होगा तो राजनीति अंधी हो जाएगी। अंधी राजनीति क्या करेगी, इसके लिए आप महाभारत के धृतराष्ट्र को देख लीजिए। धृतराष्ट्र का अंधापन धर्म रहित राजनीति का साक्षात प्रमाण है। आज प्रधानमंत्री मोदीजी भारत की आध्यात्मिकता को संपूर्ण विश्व में स्थापित करने का काम कर रहे है और उसी कार्य को रतलाम नगर में विधायक काश्यपजी भी पूरी निष्ठा और लगन के साथ कर रहे है, जो अभिनंदनीय है। यह उदगार रतलाम में पदार्पण के बाद विधायक चेतन्य काश्यप द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी श्री चिदम्बरानंदजी सरस्वती महाराज ने व्यक्त किए। रतलाम आगमन पर स्वामीजी की सुबह सालाखेड़ी में भव्य अगवानी की गई। इसके बाद महू रोड, टीआईटी रोड, स्टेशन रोड होते हुए वे विधायक निवास पहुंचे। यहां विधायक श्री काश्यप ने परिवार सहित स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद स्वामीजी ने उपस्थित धर्मालुजन को आशीर्वचन प्रदान किए। उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। सुबह ही संसद के नए भवन का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री मोदीजी ने धर्म के प्रतीक राजदंड को स्थापित किया है। राजनीति के क्षेत्र में किसी को साधु की संज्ञा दी जाए, तो वह नरेंद्र मोदी है। वे अपने लिए नहीं, अपितु समाज के लिए जीते है। मोदीजी परिवार से दूर रहकर और समाज के प्रति समर्पित होकर देश को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। स्वामीजी ने कहा कि राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों से उनकी जब भी चर्चा होती है, तो वे यह कहने से कभी नहीं चूकते कि यदि संपूर्ण देश में चेतन्य काश्यप की तरह विधायक हो जाए, तो देश बदल जाएगा। विधायक के रूप में काश्यप, परिवार और समाज के बीच रहते हुए बिना किसी स्वार्थ के अपने नगर को आगे बढ़ाने का काम कर रहे है, ऐसे राजनेता की आज सब जगह जरूरत है। आरंभ में विधायक श्री चेतन्य काश्यप ने स्वामी जी का पाद प्रक्षालन किया। महापौर प्रहलाद पटेल, श्री हरिहर सेवा समिति अध्यक्ष मोहनलाल भट्ट भी साथ रहे।

### केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की पहल पर

## 31 ग्रामों सहित 9 ग्रामों को आने वाले समय में मिलने लगेगा पानी

सागर एवं दमोह जिले की बंडा, पथरिया एवं बटियागढ़ तहसील के 97 ग्रामों की 25,000 हेक्टर (लगभग 2.5 गुना) सैच्य क्षेत्र मे सूक्ष्म सिंचाई तकनीकि स्प्रिंक्लर प्रणाली द्वारा पानी पहुंचाया जाएगा



दमोह केन्द्रीय खाद्य प्रसंकरण उद्योग एवं जल शक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की पहल पर 31 ग्रामों को जल आपूर्ति में आने वाली बाधा अब समाप्त हो गई है। दमोह जिले के पंचमनगर बृहद सिचाई परियोजना के निर्माण के समय से ही 31 ग्रामों में जल आपूर्ति को लेकर कुछ व्यवधान उत्पन्न हो रहे थे। जैसे ही मामला संज्ञान में आया केंद्रीय राज्य मंत्री पटेल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चोहान से भेंट कर उक्त परियोजना में आ रहे गतिरोध को समाप्त करने की बात रखी।

दमोह जिले की पंचमनगर बृहद सिचाई परियोजना के उक्त मामले में ÷प्रत्येक खेत, प्रत्येक घर में जल÷ आपूर्ति में बाधा उत्पन्न हो रही थी इसे दूर करने केन्द्रीय राज्यमंत्री पटेल ने स्वयं प्रयास किये वहीं अपने अधीनस्थ अमले को मॉनीटरिंग के लिये लगाया, जिसके कारण अब यह बाधा पूरी तरह समाप्त हो गई है। अब छूटे हुए 31 ग्रामों सहित 9 ग्रामों को आने वाले समय में पानी मिलने लगेगा।

जिले की बृहद पंचम नगर सिंचाई परियोजना के मामले में मायसेम सीमेंट दमोह के द्वारा अपने क्षेत्र में उक्त सिंचाई परियोजना की पाइपलाइन को लेकर लगातार आपत्ति दर्ज कराई जा रही थी, केन्द्रीय मंत्री पटेल के हस्तक्षेप के पश्चात संबंधित विभाग के अधिकारी ने मामले को संज्ञान में लिया। अपर सचिव जल संसाधन विभाग द्वारा उच्च अधिकारियों को दिये गये दिशा निर्देशों के अनुपालन में मुख्य अभियंता बोधी भोपाल द्वारा मायसेम डायमंड सीमेंट फैक्ट्री दमोह एवं कार्यकारी एंजेसी के साथ समस्या के समाधान हेतु बैठक लेकर जीएम-1 पाइप लाइन की पुनः समरेखित हाइड्रोलिक्स को अंतिम रूप दिया गया तथा मुख्य अभियंता बोधी भोपाल द्वारा परियोजना संचालक बीना पीएमयू, जल संसाधन विभाग सागर को आवश्यक कार्य कराने हेतु निर्देशित किया। परियोजना संचालक द्वारा कार्यकारी एंजेसी को शेष कार्य हेतु डायमंड मायसेम सीमेंट (प्रोपराइटर हायडलवर्ग) को अतिरिक्त एमएस पाइप की आपूर्ति हेतु कहा गया।

**क्या है योजना, क्या हुआ परिवर्तन** दमोह जिले के पंचमनगर बृहद सिचाई परियोजना से बिना विद्युत उपयोग के माइक्रो सिचाई हेतु जल प्रदाय करने वाली मध्यप्रदेश की प्रथम अग्रणी पचंमनगर बृहद सिचाई परियोजना है। बेबस नदी पर सागर जिले की बंडा तहसील में पगरा ग्राम के समीप पगरा 94.04 मिलियन घन मीटर (मि.घ.मी.) तथा निवारी ग्राम के समीप पंचमनगर बैराज 4.047 (मि.घ.मी.) जीवित जल भंडारण क्षमता का निर्माण कार्य पूर्ण है। जल उपयोग दक्षता को बढ़ाने के उद्देश्य से उसी संग्रहित जल को खुली नहर द्वारा 9900 हेक्टर के स्थान पर गोपालपुरा टनल द्वारा भूमिगत उच्चदाब (प्रेशराइज्ड) पाइप नेट्वर्क के माध्यम से सागर एवं दमोह जिले की बंडा, पथरिया एवं बटियागढ़ तहसील के 97 ग्रामों की 25,000 हेक्टर (लगभग 2.5 गुना) सैच्य क्षेत्र मे सूक्ष्म सिंचाई तकनीकि स्प्रिंक्लर प्रणाली द्वारा पानी पहुंचाया जाएगा।

## कोतवाली पुलिस को मिली बडी सफलता आरोपी चोरी के माल सहित गिरफ्तार



दमोह पुलिस अधीक्षक के द्वारा शहर देहात में लगातार हो रही चोरी नकबजनी की घटनाओ में संलिप्त लोगो की धरपकड़ करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली विजय राजपूत द्वारा टीम गठित कर लगातार शहर में हो रही घटनाओं पर निगाह रखी जा रही थी जो थाना कोतवाली में फरियादी नीरज मिश्रा पिता जीवन लाल मिश्रा उम्र 50 साल निवासी बजरिया वार्ड क्रमांक 07 पुरैना तालाब के पास दमोह की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक 435/23 धारा 457, 380 ताहि का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था जो घटना दिनांक के 02 दिवस मे ही थाना प्रभारी कोतवाली विजय राजपूत एवं गठित टीम द्वारा दो विधि विरुद्ध बालको से घटना दिनांक से चोरी किया गया मशरूका कुल 06 सिलाई मशीन कीमती करीबन 12000 रुपये की जब्त की गई एवं विधिविरुद्ध बालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया है।

जब्त मशरूका- 06 नग मिलाई मशीन कीमती करीबन 12000 रुपये

सराहनीय कार्य करने वालो के नाम- निरीक्षक विजय राजपूत उनि रोहित द्विवेदी प्र आर राजेश, प्र आर डेलन प्र. आर. अनिल गौतम, आरक्षक जितेन्द्र और कृष्णकुमार, आर. नरेन्द्र,, 4 आर. योगेन्द्र, आर. देशराज, आर. रामकुमार, आर ओमप्रकाश।

## कृषक ब्याज माफी योजना की समीक्षा करने सिवनी पहुँचे संयुक्त आयुक्त सहकारिता



मुख्यालय जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मुख्यालय सिवनी पहुँचे जहाँ उन्होंने मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना की समीक्षा करते हुए 57 पैक्स समितियों के शासकीय / अशासकीय प्रशासको की बैठक लेकर मुख्यमंत्री ब्याज माफी योजना में निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति में आने वाली बाधाओं के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त सहकारिता जबलपुर, पी.के सिद्धार्थ प्रभारी उपायुक्त अंजुली धुर्वे तथा प्रभारी महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक तुलसी प्रसाद बघेल सहित बैंक एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे।

सिवनी- मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना का कार्य प्रदेश सहित सिवनी जिले में भी काफी तेजी से चल रहा है, सहकारी समितियों का पूरा स्टॉफ अपने सारे कार्य छोड़कर ग्राम ग्राम जाकर किसानों को खोज खोजकर फॉर्म भरवाने की कार्यवाही करवाने में व्यस्त है, जिससे अधिक से अधिक किसान मुख्यमंत्री ब्याज माफी योजना से लाभान्वित हो सकें। इस योजना की समीक्षा करने बीते दिवस 27 मई को शाम 4ः00 बजे भोपाल से संयुक्त आयुक्त सहकारिता अभय खरे

## भाजपा का एक एक कार्यकर्ता भाजपा की आक्सीजन हैः संतोष अग्रवाल

### जिला भाजपा उपाध्यक्ष ने शक्ति केन्द्र गोपालगंज में ली विशेष बैठक



सिवनी- किसी भी पार्टी की रीढ की हडडी उसका कार्यकर्ता होता है कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर ही पार्टी मजबूत होती है भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की आक्सीजन है जिसके चलते आज पार्टी देश और प्रदेश में काबिज होकर जनहित के कार्य करते हुए आम लोगों के कल्याण के लिए काम कर रही है। उक्ताशय के उदगार जिला भाजपा के उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी संतोष अग्रवाल ने गोपालगंज शक्ति केन्द्र में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 साल बेमिशाल पर पार्टी द्वारा 30 मई से 30 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जाकर केन्द्र शासन की उपलब्धियो को आम जनता तक पहुंचाने का कार्यक्रम बनाया गया है इसी कार्यक्रम के तहत गत 27 मई 2023 को शक्ति केन्द गोपालगंज मे विशेष जनसंपर्क अभियान के संपर्क मे बैठक आयोजित की गयी थी जिसके मुख्य अतिथि जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल थे। बैठक में श्री अग्रवाल ने कहा कि केवल वाटसअप पर सूचना डाल देने से काम नहीं चलेगा हर सदस्य से फोन पर चर्चा जरूर करें हमें बूथ के हितग्राहियों की डोर टू डोर बात कर और उन्हें शासन की योजनाएं बतायें श्री अग्रवाल ने बैठक दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं से अपने क्षेत्र का हर कार्यकर्ता का उसका अपना बूथ कैसे मजबूत होगा इस संदर्भ पर विस्तार से चर्चा की । मंडल महामंत्री बेनीराम चन्द्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री के 9 साल बेमिशाल हैं जो कार्य हुए उन्हे बताया ओर 30 मई से 30 जून तक चलने वाले कार्यक्रमों की योजना बतायी और कल बूथ मीटिंग एवं मन की बात के बारे मे जानकारी दी। भारतीय जनता पार्टी का लखनवाडा मंडल के शक्ति केन्द्र खैरी एवं शक्ति केन्द्र गोपालगंज मे 30 मई से 30 जून भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 वर्ष पूर्ण होने पर देश के किय जा रहे जनहितैषी कार्यो को बूथ लेवल पर बूथ के कार्यकर्ताओ ओर जनमानस को समझा कर भारतीय जनता पार्टी के प्रति प्रेरित करना इस उददेश्य से दोनों शक्ति केन्द्रों में अलग अलग बैठक आयोजित हुई है। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष नितेन्द्र गुडडू बघेल विनोदय यादव घनश्याम सराठे सहकार भारती अध्यक्ष दुर्गेश चक्रवर्ती हरिशंकर साहू सरपंच राजेश अवधिया गुडडु दास चन्दवशह देवीसिह यादव रामलखन पंचेश्वर प्रहलाद चन्द्रवंशी विशाल अवधिया करनसिह ठाकुर चेतराम सनोडिया मीडिया प्रभारी उपस्थित रहे।

## मानव कंकाल मिलने से मचा हड़कंप

बिजावर थाना क्षेत्र की खैरा कला चौकी अंतर्गत खैराहार के एक खेत में मानव कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। इस मानव कंकाल के लगभग सभी अंगों की हड्डियां खेत में इधर उधर बिखरी पाई गई। जिसमें खोपड़ी की हड्डी अंदाजा लगाया गया कि यह मानव कंकाल है। इस कंकाल के मिलने की सूचना ग्रामीणों द्वारा खैरा चौकी में पदस्थ आरक्षक को दी गई जिस पर संज्ञान लेते हुए थाना बिजावर को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अपने दलबल सहित घटना स्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू कर दी गई। लेकिन अभी तक यह तै नही हो पाया है कि यह मानव कंकाल किसका और कितने दिनों पुराना है। इस मानव कंकाल के मिलने के बाद बिजावर पुलिस बहुत ही बारीकी से मामले की जांच कर रही। और पता लगने की कोशिश में जुट गई है। यह अनुभाग का दुसरा मामला है जो अज्ञात व्यक्ति से संबंधित है विगत कुछ दिन पहले भी किशनगढ थानान्तर्गत जैतपुर ग्राम की गौशाला के शमीप भी एक अज्ञात सड़ीगली लाश मिलने से हड़कंप मचा था। आखिर कहां से आ रहे गुमनाम शव और कौन दे रहा घटनाओ को अंजाम पुलिस के लिए सिरदर्द या फिर पुलिस करेगी खुलासा या बंद करेगी

## श्री राम जानकी दरबार प्राण प्रतिष्ठा पंच कुंडात्मक श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव

रायसेन। जिला मुख्यालय से 29 किलोमीटर दूर भोपाल सागर मार्ग पर स्थित ग्राम आमखेड़ा हरिहर आश्रम प्रांगण में श्री राम जानकी दरबार प्राण प्रतिष्ठा पंच कुंडात्मक श्री राम महायज्ञ एवं श्री मद भागवत कथा महोत्सव का आयोजन 24 मई से 30 मई तक रोजाना शाम 7ः00 बजे से रात्रि 10ः00 बजे तक संगीतमय भागवत कथा राष्टीय कथावाचक परम पूज्य पंडित श्री देवेंद्र जी भार्गव संस्थापक एवं अध्यक्ष श्री देवनारायण समाज कल्याण सेवा समिति श्री गोपाल कृष्ण गोशाला गंजबासौदा के मुखारविंद से की जा रही है। कथा के मुख्य यजमान श्रीमती सविता जमना सेन नगर पालिका अध्यक्ष रायसेन द्वारा समस्त कथा की व्यवस्था की गई है।

वहीं हरिहर आश्रम आमखेड़ा के महंत श्री त्यागी महाराज के द्वारा एवं उनके मार्गदर्शन में श्री राम जानकी दरबार प्राण प्रतिष्ठा एवं पंच कुंडात्मक आत्मक यज्ञ एवं भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए भारी संख्या में आसपास के ग्रामीणों महिला एवं पुरुष आ रहे हैं एवं भगवत कथा का आनंद ले रहे हैं। 27 मई को भगवत कथा मैं श्री कृष्ण जन्म उत्सव मनाया गया इस अवसर पर कोई भी भक्त भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव में नाचने से नहीं बच सका। कथा एवं यज्ञ में आसपास के ग्रामीणों की भारी संख्या कथा का आनंद लेने कथा स्थल पहुंच रही है। खामखेड़ा के महंत श्री त्यागी जी महाराज एवं नगर पालिका परिषद रायसेन अध्यक्ष श्रीमती सविता जमना सेन ने समस्त धर्म प्रेमी बंधुओं से आग्रह किया है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में यज्ञ एवं भगवत कथा मैं पहुंचकर धर्म से लाभ उठाएं।



## महामंडलेश्वर स्वामी श्री चिदम्बरानंद सरस्वतीजी के मुखारविन्द से श्रीमद् भागवत कथा का होगा भव्य शुभारंभ

रतलाम । चेतन्य काश्यप फाउंडेशन एवं श्री हरिहर सेवा समिति के तत्वावधान में महामंडलेश्वर स्वामी श्री चिदंबरानंद सरस्वतीजी के मुखारविन्द से सोमवार को श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ होगा। इससे पूर्व भव्य कलश यात्रा निकलेगी और पोथी पूजन कर कथा प्रारंभ की जाएगी। इसमें मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदोरिया एवं विशेष अतिथि क्रीड़ा भारती के राष्टीय संगठन मंत्री प्रसाद महानकर रहेंगे। फाउण्डेशन अध्यक्ष एवं विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन अलकापुरी चौराहे से होगा। इसमें आगे घोड़े, ऊंट, ध्वजा वाहिनी चलेगी। यात्रा में महामंडलेश्वर स्वामी जी रथ में सवार रहेंगे। मार्ग में कई स्थानों पर धार्मिक संस्थाओं द्वारा यात्रा का स्वागत भी किया जाएगा। कलश यात्रा का समापन बरबड़ स्थित विधायक सभागृह पर होगा। इसके बाद पौथी पूजन के साथ स्वामीजी के मुखारविन्द से कथा आरंभ होगी। विधायक सभागृह में 29 मई से 4 जून तक कथा प्रतिदिन सांय 04:00 बजे से सांय 07:00 तक चलेगी।

### नम आंखों से धर्म प्रेमियों ने दी विदाई ---

## छींद की पावन धरा पर चल रही अनिरुद्धाचार्य महाराज की कथा के समापन पर उमड़ा भारी जनसमूह



बरेली । छींद की पावन धरा पर 20 मई से 30 मई तक चले 100 गांव का श्रीराम महायज्ञ के साथ 24 मई से शुरू हुई विश्व विख्यात कथावाचक पंडित अनिरुद्धाचार्य महाराज की श्रीराम कथा 30 मई को को समापन हुई राष्टीय संत कम्प्यूटर बाबा के संयोजक में मुख्य यजमान विधायक देवेंद्र सिंह पटेल द्वारा कराई गई वही वही तीन दिवसीय पंडोखर सरकार का दरबार लगा जिसके मुख्य अजमान राहुल रघुवंशी रहे कार्यक्रम के अध्यक्ष मुन्ना पटेल ,पवन रघुवंशी ,यशपाल रघुवंशी मुख्य भूमिका में रहे इस कथा में प्रतिदिन 1 लाख से अधिक की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और कथा का रसपान ग्रहण किया कथा के समापन के दिन लगभग 1 लाख लोगों का जनसमूह देखा गया आस्था और श्रद्धा लोगों में देखी गई छींद धाम में शांति और सद्भावना के साथ सात दिवसीय कथा चली इस कथा में हर व्यक्ति ने अपनी जिम्मेदारी को निभाया 7

**पुलिस ने चुनौतियों के बीच निभाई जिम्मेदारी :** बरेली पुलिस के एसडीओपी राजीव जंगले और थाना प्रभारी आशीष सप्रे के मार्गदर्शन में पूरा बरेली पुलिस बल और रायसेन से पहुंचा अतिरिक्त बल काम करता रहा चुनौती थी लाखों की संख्या मैं प्रतिदिन पहुंच रही कथा को सुरक्षित रखना लेकिन थाना प्रभारी ने हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों पर नजर रखने में कोई भी कतई चूक नहीं होने दी हर मूवमेंट पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवान नजर बनाए हुए था नगर के लोगों ने पुलिस की इस जिम्मेदारी की तारीफ की और बधाई दी 7

**राजस्व ने निभाई जिम्मेदारी** : सात दिवस की कथा में बरेली राजस्व विभाग एसडीएम संतोष मुद्गल तहसीलदार रामजीलाल बर्मा ने अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया राजस्व विभाग ने पुरुष कोटवारों को कथा स्थल पर तैनात किया पार्किंग स्थल पर पंडाल स्थल पर हर मूवमेंट पर लोगों की समस्या के लिए राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने जिम्मेदारी निभाई कथा में पहुंचे श्रद्धालुओं सहित नगर वासियों ने राजस्व विभाग टीम को बधाई दी 7

**नगर परिषद ने निभाई जिम्मेदारी :** इस सात दिवसीय कथा में सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी और चुनौती राजस्व विभाग की रही नगर परिषद के अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने पंडाल पर पानी से लेकर स्वच्छता तक ध्यान रखें के आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे श्रद्धालुओं को उत्तम पानी की व्यवस्था के लिए जगह-जगह टैंकर खड़े करवाए साथ ही प्रतिदिन स्वच्छता मैं अपनी भूमिका निभाई नगर के लोगों ने और श्रद्धालुओं ने नगर परिषद के द्वारा की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा की और बधाई दी 7

**नम आंखो से दी विदाई :** सात दिवसीय चली इस कथा के समापन पर पंडित अनिरुद्ध आचार्य की विदाई के समय हजारों जनमानस की आंखों में आंसू थे नम आंखों और धर्म पालन के कर धर्म प्रेमियों ने विदाई दी 7

## कलेक्टर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में की ऋण वसूली की समीक्षा

### ऋण वसूली में कम प्रगति पर शाखा प्रबंधक को एवं पर्यवेक्षकों पर की कार्रवाई

नर्मदापुरम। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, नर्मदापुरम में कलेक्टर एवं प्रशासक श्री नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैंक की ऋण वसूली एवं बैंक के अत्यावश्यक कार्यो की समीक्षा बैठक शुक्रवार को केंद्रीय बैंक प्रधान कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह द्वारा सभी शाखाओं की कृषि एवं अकृषि ऋणों की वसूली की विस्तार से समीक्षा की गई। शाखा खिरकिया की ऋण वसूली कम होने पर शाखा खिरकिया के शाखा प्रबंधक श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा को अनिवार्य सेवानिवृत का नोटिस दिये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने धारा 85 के प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही नहीं किये जाने पर प्रभारी पर्यवेक्षक श्री मानसिंह अहिरवार का माह मई 2023 का वेतन राजसात करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभारी पर्यवेक्षक शाखा-सोहागपुर श्री सलीम बेग मिर्जा, प्रभारी पर्यवेक्षक शाखा मुख्य शाखा पिपरिया श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा का भी माह मई 2023 का वेतन राजसात करने के निर्देश दिये गये।

बता दें कि माह मार्च में प्रभारी पर्यवेक्षक शहर इटारसी श्री बृजमोहन चौरे का धारा 85 के प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही नही करने से माह मार्च का वेतन रोका गया था। श्री चौरे के द्वारा धारा 85 के प्रकरणों में संतोषजनक वसूली किये जाने से श्री चौरे का माह मार्च 2023 का वेतन रिलीज करने एवं प्रभारी शाखा प्रबंधक शाखा सिराली श्री आर. एस. बिल्लौरे की ऋण वसूली कम होने से माह मार्च 2023 का वेतन रोका गया था। श्री बिल्लौरे के द्वारा भी वसूली में प्रगति किये जाने से श्री बिल्लौरे का का माह मार्च 2023 का वेतन रिलीज करने एवं धारा 85 के लंबित प्रकरणों का 30 जून, 2023 तक अनिवार्य रूप से वूसली करने के निर्देश दिये गये।



समिति स्तर की वसूली की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने जिन समितियों की वसूली दिनांक 26 मई 2023 की स्थिति पर 20 प्रतिशत से कम है। ऐसी समितियों में समिति के प्रशासक को संबंधित राजस्व अधिकारियों से संपर्क कर वसूली के लिए फील्ड विजिट करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर एवं प्रशासक श्री सिंह के द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि जिन समितियो के द्वारा समर्थन मूल्य गेंहू में ऋण वसूली कार्य में लापरवाही बरती गई है, उन्हें मूंग खरीदी से दूर रखा जायें। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा बैठक में मुख्यमंत्री ब्याज माफी योजना की भी समीक्षा की गई एवं शेष रहे सदस्यों के ऋण आवेदन शीघ्र प्राप्त करने के निर्देश दिये गये।

बैठक में उप आयुक्त सहकारिता श्री शिवम मिश्रा ,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सह केंद्रीय बैंक श्री आर.एस.भदौरिया ,नर्मदापुरम एवं हरदा जिले के समिति के प्रशासक, बैंक प्रधान कार्यालय नर्मदापुरम के क्षेत्राधिकारी, नोडल अधिकारी एवं बैंक की 17 कृषि शाखाओं के शाखा प्रबंधक, पर्यवेक्षक एवं समिति प्रबंधक उपस्थित हुए।

# महाकाल भी नहीं बच पाए 'सिस्टम की लूट' से...

अरुण दीक्षित

28 मई 2023 का दिन देश के लिए तो ऐतिहासिक बनाया गया लेकिन एमपी के मशहूर महाकाल मंदिर के लिए यह दिन खुद ब खुद ऐतिहासिक बन गया।दुनियां भर में मशहूर उज्जैन स्थित भगवान शिव के मंदिर परिसर में तूफान ने अचानक राज्य सरकार के ÷सिस्टम÷ का असली चेहरा सामने ला दिया।साथ ही यह भी साफ हो गया कि कथित रामभक्तों ने भगवान महाकाल को भी नही छोड़ा।महाकाल खुद भ्रष्टाचार के शिकार बन गए।

भ्रष्टाचार भी उस परियोजना में हुआ है जिसके पहले चरण का उद्घाटन खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था।यह उद्घाटन मात्र साढ़े सात महीने पहले ही हुआ था।

यह तो सब जानते हैं कि अपने देश में 12 ज्योतिर्लिंग हैं। इनमें दो मध्यप्रदेश में हैं।इनमें सबसे ज्यादा महत्व उज्जैन के महाकाल का है।दूसरा ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर में है।

उज्जैन में महाकाल मंदिर कब बना ,इसके बारे में अलग अलग मत हैं।माना जाता है कि ये मंदिर सदियों पुराना है।कहा जाता है कि महाकाल ज्योतिर्लिंग का निर्माण खुद प्रजापिता ब्रह्मा ने कराया था।इस मंदिर से न जाने कितनी कथाएं जुड़ी हुई हैं।यह भी कहा जाता है कि भगवान शिव खुद प्रकट हुए थे।बताया जाता है कि छठी शताब्दी में उज्जैन के तत्कालीन राजा ने वर्तमान मंदिर को बनवाया था।

बहुत सारी कहानियां हैं।लेकिन सच यह है कि आजकल महाकाल मंदिर की मान्यता पूरी दुनियां में बढ़ी है। हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं।सावन में महीने में तो करोड़ों लोग उज्जैन पहुंचते हैं।

भक्तों की भीड़ के आगे छोटे पड़ते मंदिर प्रांगण के पिछले सालों में कई बार बदलाव किए गए।इसी नजरिए से वर्तमान बीजेपी सरकार ने मंदिर को भव्य और विस्तृत आकार देने के लिए एक परियोजना तैयार की।इसे नाम दिया गया - महाकाल का महालोक।

सरकारी जानकारी के मुताबिक जब इस परियोजना पर अंतिम फैसला हुआ था तब इसकी अनुमानित लागत करीब 700 करोड़ थी।बाद में इसे बढ़ाकर 850 करोड़ किया गया।अब यह परियोजना 1150 करोड़ से ऊपर निकल चुकी है।अभी इस पर काम चल रहा है।



मंदिर परिसर विस्तार के पहले चरण का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 अक्तूबर 2022 को किया था।पहले चरण पर करीब 351 करोड़ खर्च हुए थे।पहले चरण के उद्घाटन के समय खुद मोदी ने महाकाल के इस महालोक की जमकर तारीफ की थी। उद्घाटन के तत्काल बाद इस परियोजना में निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठे थे।उस समय राज्य के लोकायुक्त ने इस परियोजना से जुड़े करीब डेढ़ दर्जन अफसरों को नोटिस भी दिए थे। इनमें तीन आईएएस अफसर भी शामिल थे।नोटिस के बाद क्या हुआ !यह या तो लोकायुक्त जानते होंगे या फिर खुद महाकाल !

लेकिन 28 मई 2023 को जब सारा देश नए संसद परिसर का उद्घाटन देख रहा था तब महाकाल के महालोक में मौजूद भक्तों ने एक अलग नजारा देखा।जिस महालोक को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री लगातार अपनी पीठ थपथपा रहे थे और दुनियां भर में शेखी बघार रहे थे,वह जरा सी आंधी में ताश के पत्तों सा बिखर गया। महालोक में सप्तऋषियों की जो मूर्तियां लगाई गई थीं वे उखड़ गई।कई मूर्तियां खंडित हो गईं।मूर्तियों के खंडित होने पर यह पता चला कि यह मूर्तियां फाइबर ग्लास की बनी हुई थीं।अगर आंधी उन्हें नहीं गिराती तो कुछ दिन में तेज गर्मी उनकी शक्लें बदल देती। यह बात उसी समय उठी थी जब पीएम ने इसका उद्घाटन किया था।बात भोपाल तक पहुंची तो लोकायुक्त ने जिम्मेदार अधिकारियों को नोटिस देकर जांच शुरू की।बाद में क्या हुआ यह पता नही चला। हां जिन अफसरों को नोटिस दिए गए थे उन्हें सरकार ने और अच्छे पदों पर बैठा दिया।

अभी दूसरे चरण का काम चल रहा है।इसे जून 23 तक पूरा करने का लक्ष्य है।इस चरण पर 778 करोड़ से भी ज्यादा खर्च होने का अनुमान है।

आज आंधी ने जो किया उसको लेकर बातें तो सात महीने से हो रही थीं।जैसा कि राज्य में ट्रेंड चल रहा है, महाकाल मंदिर के विस्तार की योजना से सबने अपना अपना ÷विस्तार÷ किया है।कहा तो यह भी जाता है कि कर्नाटक की तरह 40 परसेंट का खेल यहां भी खुलकर खेला गया।इसी वजह से 700 करोड़ की परियोजना 1150 करोड़ से भी ऊपर निकल गई।संभावना है कि यह राशि अभी और बढ़ेगी।क्योंकि इस साल विधानसभा चुनाव भी तो होना है।फिर परियोजना तो परियोजना है !वह चाहे सिंचाई के लिए बन रहा बांध हो या फिर महाकाल का महालोक !पानी तो सबसे बहाया जाना है। एक बात और !बीजेपी ने सत्ता में आने के बाद उज्जैन में दो सिंहस्थ (महाकुंभ) का आयोजन कराया है।2004 और 2016 के महाकुंभ में राज्य सरकार ने हजारों करोड़ व्यवस्थाओं पर खर्च किए थे।लेकिन इनमें ज्यादातर व्यवस्थाएं स्थाई साबित नही हुई हैं।अभी भी क्षिप्रा नदी का पानी साफ नही है।बहुत बड़ा मुद्दा है।ग्रंथ लिखे जा सकते हैं !सार यह है कि ÷सिस्टम÷ ने भगवान को भी नही बक्शा !

आपको एक बात और बता दूं !महाकाल के महालोक से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने राज्य में कई महालोक बनवाने का ऐलान कर दिया है। मुख्यमंत्री के मुताबिक सरकार दतिया में देवी महालोक,छिंदवाड़ा के जामसांवली में हनुमान महालोक ,इंदौर के पास जानापाव में भगवान परशुराम महालोक,सलकनपुर में देवी महालोक बनवाएगी! इनके अलावा ओंकारेश्वर में 2100 करोड़ की लागत से आदि शंकराचार्य का स्मारक और सागर में 100 करोड़ खर्च करके संत रविदास मंदिर भी बनाने की घोषणा मुख्यमंत्री कर चुके हैं।

यही नहीं अभी कुछ दिन पहले उन्होंने महाराणा प्रताप की जयंती पर महाराणा का महालोक बनवाने का भी ऐलान किया है।

इन लोकों के बारे में सुनकर आप सोच सकते हैं कि आने वाले दिनों में मध्यप्रदेश में सिर्फ देवी देवताओं के लोक चमकते नजर आएंगे।

हां एक बात और ।सलकन पुर देवी मंदिर मुख्यमंत्री के चुनाव क्षेत्र बुधनी में आता है।कुछ महीने पहले देवी के मंदिर से चढ़ावे की रकम चोरी हो गई थी।चोर रुपए और गहनों से भरी कई बोरियां चुरा ले गए थे।इस मंदिर का नियंत्रण सरकार के अधीन है।पुलिस ने कथित चोर पकड़ कर मामले को खत्म कर दिया था।लेकिन मंदिर समिति की ओर से आजतक यह नही बताया गया है कि कितना माल चोरी गया था और कितना वापस मिला।पूछने की जुर्रत कोई इसलिए नही कर सकता क्योंकि मंदिर समिति पर मुख्यमंत्री का करीबी काबिज है।भक्तों का चढ़ावा जाए तो जाए पर सवाल नही होगा।अब जब सरकार महालोक बनाएगी तब क्या होगा !

अभी कुछ दिन पहले भोपाल के पास स्थित कंकाली मंदिर पर भी इसी तरह की घटना हुई थी।वहां भी प्रशासन मंदिर की व्यवस्था देखता है। पहले महालोक के निर्माण की असलियत खुलने के बाद यह कल्पना की जा सकती है कि अन्य देवी देवताओं के महालोकों का क्या हाल होगा।क्योंकि जहां सबसे ज्यादा भक्त आते हैं,और जिसका उद्घाटन खुद प्रधानमंत्री ने किया था,उसका यह हाल है तो दूसरों का क्या होगा ! हां भगवान न करे कि यह ÷ट्रेंड÷ उज्जैन से अयोध्या की ओर जाए !अगर उज्जैन की हवा अयोध्या पहुंच गई तो राम मंदिर के निर्माण की क्या गति होगी..यह राम ही जाने !

फिलहाल..महाकाल का महालोक चर्चा में है !कहा जा रहा है कि जिस तरह साल भीतर कारम बांध फूटा था ठीक उसी तरह साढ़े सात महीने में सप्त ऋषियों की मूर्तियां उखड़ गई।काम तो सरकारी अफसरों ने ही कराया था।चाहे वे सिंचाई विभाग के हों या धर्मस्व विभाग के।हैं तो सरकार के ही अफसर !उन सबको तो एक ही देहरी पर मत्था टेकना होता है।

कुल मिलाकर यह तय है कि अपना एमपी गज्जब है।यहां का ÷सिस्टम÷ भगवान को भी नही बख्शता है !आदमी क्या चीज है !

## द कपिल शर्मा शो में शंकर महादेवन ने किया खुलासा ! मशहूर गाने मैं हूं ना के सही नोट लगाने के लिए शान ने किए थे पुशअप्स !

**मुंबई।** इस रविवार को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के द कपिल शर्मा शो में कॉमेडी और म्यूज़िक के परफेक्ट फ्यूज़न का मजा लेने के लिए तैयार हो जाइए। इस एपिसोड को सुरीले संगीत से सजाएगी, मशहूर सीरीज़ बिग बैंड थ्योरी की टीम, जिसमें शामिल होंगे शंकर महादेवन, शान, सुकृति कक्कड़, आकृति कक्कड़, प्रकृति कक्कड़ निर्मल कक्कड़, निकिता गांधी, शाश्वत, रोमी, सिद्धार्थ महादेवन और शिवम महादेवन। ये सारे बेमिसाल सिंगर्स ना सिर्फ अपनी मधुर आवाज़ से आपको मंत्रमुग्ध कर देंगे, बल्कि इंडस्ट्री में अपने सफर से जुड़े कुछ दिलचस्प खुलासे भी करेंगे।

एक मजेदार चर्चा के दौरान शंकर महादेवन शान के बारे में एक दिलचस्प किस्सा भी सुनाएंगे, जहां वे उनके साथ मशहूर गाने मैं हूं ना में काम करने का अपना अनुभव बताएंगे। शंकर महादेवन बताते हैं, ÷शान से मशहूर लाइन मुझको पहचान लो, मैं हूं डॉन गाने को कहा गया था और रिकॉर्डिंग वाले दिन वो सीधे गोवा पहुंचे। असल में वो एक पार्टी अटैंड करने के बाद सीधे स्टूडियो आ गए थे और उनकी आवाज़ सही नोट को हिट नहीं कर पा रही थी। फिर मैंने देखा कि शान अचानक गायब हो गए। कुछ देर बाद मुझे पता चला कि वो पुश अप्स कर रहे थे (हंसते हुए)। उन्होंने मुझे बताया कि वो वॉर्म अप हो चुके हैं और अब एक बढ़िया परफॉर्मेंस देंगे, जो वाकई उन्होंने दी।÷ इसके अलावा शंकर ने इस बात पर भी जोर दिया उनका कोई भी एल्बम शान के बिना अधूरा माना जाता है। शान यह भी बताएंगे उन्हें यह गाना कैसे मिला। वो बताते हैं, ÷इसके पीछे एक बड़ा मजेदार किस्सा है। मुझे एहसान ने कॉल करके बताया कि उनके पास एक गाना है और वो इसके लिए एक सही आवाज की तलाश कर रहे हैं। मैंने सोचा कि यह एक बड़ी फिल्म है और वो मुझे कॉल करके पूछ रहे हैं कि इसे किसे गाना चाहिए। इसके लिए मुझे अपना नाम सजेस्ट करना थोड़ा अजीब लगा, इसलिए मैंने उन्हें कुछ और नाम सुझाए। लेकिन वो तो बस मज़ाक कर रहे थे। उन्होंने मुझसे कहा कि मैं वहीं रुक जाऊं और उनके साथ शामिल हो जाऊं। तो मैं उनसे मिलने तुरंत गोवा पहुंच गया।÷

## मारुति को पहली तिमाही में उत्पादन नुकसान का अनुमान, जुलाई से स्थिति सुधरने की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उत्पादन नुकसान की आशंका है। हालांकि, कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि जुलाई-सितंबर की तिमाही से स्थिति सुधरने की उम्मीद है। कंपनी अब भी इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों की कमी से जूझ रही है, जिसके चलते पहली तिमाही में उसको उत्पादन में नुकसान की आशंका है। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी काफी समय से चिप के संकट का सामना कर रही है जिससे उसके आपूर्तिकर्ता बाजार मांग को पूरा नहीं कर पा रहे हैं।

मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (बिक्री एवं विपणन) शशांक श्रीवास्तव ने कहा, ''हमें पिछले वित्त वर्ष में 1.7 लाख इकाइयों के उत्पादन का नुकसान हुआ है । पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में हमारा नुकसान लगभग 45,000 इकाइयों का था। इसी तरह चौथी तिमाही में लगभग 38,000 इकाइयों का नुकसान हुआ। मांग अधिक और आपूर्ति कम रहने की वजह से कंपनी के लंबित ऑर्डर चार लाख इकाई को पार कर गए हैं। सबसे ज्यादा एक लाख ऑर्डर अर्टिगा के लंबित हैं।

श्रीवास्तव ने कहा कि मौजूदा आपूर्ति की स्थिति के साथ कंपनी को अप्रैल में उत्पादन का नुकसान हुआ है। कुछ यही स्थिति मई और जून में भी जारी रहने की आशंका है। उन्होंने कहा, ''मई में नुकसान हुआ है और जून में ऐसा ही रहेगा। इस तिमाही में हमें उत्पादन का नुकसान होगा। अर्टिगा के अलावा कॉम्पैक्ट एसयूवी ब्रेजा के 60,000 इकाइयों के ऑर्डर लंबित हैं। जिम्नी और फ्रोंक्स के 30,000-30,000 इकाइयों के ऑर्डर लंबित हैं। श्रीवास्तव ने उम्मीद जताई कि आने वाले महीनों में चिप आपूर्ति की स्थिति में कुछ सुधार होगा।

## 'दुर्गेश धाकड़' अभियानों को डिजीटल मीडिया के माध्यम से कर रहे प्रभावी रूप से संचालित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आज का दौर डिजिटल क्रांति का दौर है। उन्ही सैकरो युवाओं में से एक दुर्गेश धाकड़ है। दुर्गेश धाकड़ ने अपने व्यावसायिक कौशल का इस्तेमाल करके दिग्गज राजनीतिज्ञों, मनोरंजन स्टार्स, खेलकूद प्रतिभाओं, बिजनेस अभिनय करने वालों सहित अन्य क्षेत्रों की कई नामचीन हस्तियों के सोशल



मीडिया खातों को बेहतरीन तरीके से चलाने में मदद की है। यह उद्यमी ने अनुकरणीय पहचान बना ली है और उनकी दमदार प्रशंसा वीरों के बीच छाई हुई है।

दुर्गेश धाकड़, जो राजस्थान के चित्तौड़गढ़ शहर में निवास करते हैं, एक उद्यमी हैं जिन्होंने अपनी क्रिएटिव माइंड को इस नई और डिजिटल दुनिया में समर्पित कर दिया है। वे अपने व्यावसायिक कौशल का सहारा लेते हुए इस छेत्र में नए मुक़ाम हासिल कर रहे है। दरअसल, सोशल मीडिया खातों को विकसित करके अपनी एक अलग पहचान बनाने में कामयाब रहे हैं। दुर्गेश की यह पहल ने लाखों-करोड़ों लोगों के बीच में अच्छी पहचान बनाने में मदद की है।

राजस्थान के दुर्गेश धाकड़ ने अपनी उद्यमी प्रतिभा का प्रयोग करके राजनीति क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वे कई बड़ी-बड़ी राजनीतिक हस्तियों के सोशल मीडिया खातों को बेहतरीन तरीके से प्रमोट करने में मदद कर रहे हैं। उनका यह कार्यक्रम राजनीतिक हस्तियों की लाखों-करोड़ों फॉलोअर्स के बीच एक अलग पहचान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।दुर्गेश धाकड़ ने अपने सोशल मीडिया नेटवर्क का उपयोग करके राजनीतिक हस्तियों को व्यापक रूप से प्रमोट किया है। वे इन हस्तियों के बारे में विस्तृत जानकारी, उनके कार्यक्षेत्र, राजनीतिक दृष्टिकोण और नीतियों को साझा करते हैं। उनकी सोशल मीडिया पोस्ट्स में उनके भाषण, सम्मेलन और राजनीतिक कार्यक्रमों की वीडियोग्राफी भी शामिल होती है। इसके साथ ही, वे इन हस्तियों के साथ अपने समर्थकों के बीच संवाद भी स्थापित करते हैं।

दुर्गेश ने मनोरंजन जगत में भी अपनी जगह बना ली है। उन्होंने विभिन्न फिल्म और टेलीविजन कलाकारों, संगीतकारों, निर्माताओं और निर्देशकों के साथ काम किया है। इसके अलावा, दुर्गेश धाकड़ ने खेलकूद के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाई है। दुर्गेश धाकड़ का यह सौभाग्य है कि वे बिजनेस संसार में भी अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। उन्होंने विभिन्न व्यापारिक क्षेत्रों में साझेदारियां की हैं और अपने सोशल मीडिया खातों के माध्यम से व्यापारिक सलाह और उपयोगी जानकारी प्रदान की है। वे उद्यमियों, बिजनेसमेन्स और कर्मचारियों के लिए प्रेरणा स्रोत के रूप में सामग्री साझा करते हैं और बिजनेस संबंधित मुद्दों पर चर्चा करते हैं।

## एफपीआई ने मई में अब तक शेयरों में 37,316 करोड़ रुपए डाले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में अब तक भारतीय शेयर बाजारों में 37,316 करोड़ रुपए डाले हैं। मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद और शेयरों के उचित मूल्यांकन की वजह से भारतीय बाजारों के प्रति एफपीआई का आकर्षण बढ़ा है। यह पिछले छह माह में एफपीआई द्वारा शेयरों में किया गया सबसे अधिक निवेश है। इससे पहले उन्होंने नवंबर, 2022 में शेयरों में शुद्ध रूप से 36,239 करोड़ रुपए निवेश किया था।




मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, ''आगे चलकर अमेरिका की ऋण सीमा पर प्रस्ताव और घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक आंकड़े बाजार के लिए सकारात्मक साबित हो सकते हैं, जिससे विदेशी निवेशकों का प्रवाह बढ़ सकता है। एसएएस ऑनलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रेय जैन ने कहा कि एफपीआई प्रवाह के लिए परिदृश्य में काफी सुधार हुआ है। इसकी वजह अमेरिका में मात्रात्मक कड़े चक्र का पूरा होना और वैश्विक बाजारों की तुलना में भारतीय बाजार का बेहतर प्रदर्शन है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने दो से 26 मई के दौरान भारतीय शेयरों में शुद्ध रूप से 37,317 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इससे पहले उन्होंने अप्रैल में शेयरों में 11,630 करोड़ रुपए और मार्च में 7,936 करोड़ रुपए डाले थे। मार्च के निवेश में मुख्य योगदान अमेरिका के जीक्यूजी पार्टनर्स का रहा था, जिसने अडानी समूह की कंपनियों में निवेश किया था। अगर जीक्यूजी के निवेश को हटा दिया जाए, तो मार्च का आंकड़ा भी नकारात्मक हो जाएगा। इसके अलावा इस साल के पहले दो माह में एफपीआई ने शेयरों से 34,000 करोड़ रुपए से अधिक की निकासी की थी।




**इंदौर।** कोष एवम लेखा अधिकारी कर्मचारी साख संस्था के चुनाव सम्पन्न अध्यक्ष पद पर श्री अखिल कुमार वर्मा एव अन्य कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए। 26.5.2023 को कोष एवम लेखा अधिकारी कर्मचारी संस्था के चुनाव प्रशासक श्री आर एस ठहर एव रिटर्निंग ऑफिसर श्री के एल दवे की गरिमामई उपस्थिति में संपन्न हुए। श्री अखिल कुमार वर्मा, अध्यक्ष श्री देवघर दरवाई उपाध्यक्ष, महिला कार्यकारिणी मे विशाखा तुलाकर निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचन पश्चात सभी पधाधिकारी यो को पौधा वितरण किया गया।

## क्रोमा ने सागर में नया स्टोर शुरू करके मध्य प्रदेश में अपने रिटेल विस्तार को आगे बढ़ाया !

### ● मध्य प्रदेश के सागर में खुला इलेक्ट्रॉनिक्स का भव्य रिटेल स्टोर ● सागर-मैक्रोनिया मध्य प्रदेश में क्रोमा का 13 वां स्टोर है

**सागर, एजेंसी।** क्रोमा ने मध्य प्रदेश में सागर मैक्रोनिया में अपना 13 वां स्टोर शुरू करके रिटेल विस्तार की घोषणा की है। ग्राउंड और पहली मंज़िल, जैन प्लाज़ा 14, अवन्ति बाई वार्ड, मैक्रोनिया चौराहा, सागर में स्थित यह शहर का पहला क्रोमा स्टोर है।

मध्य प्रदेश के सागर शहर के पहले क्रोमा स्टोर का उद्घाटन मध्य प्रदेश विधान सभा (भाजपा) के माननीय सदस्य श्री. शैलेन्द्र जैन (विधायक) और मध्य प्रदेश विधान सभा (भाजपा) के माननीय सदस्य श्री. प्रदीप लारिया (विधायक) ने किया।

क्रोमा सागर शहर में पहला राष्ट्रीय लार्ज फॉर्मेट स्पेशलिस्ट ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल स्टोर है, जहां 550 से ज़्यादा ब्रांड्स के 16000 से ज़्यादा उत्पाद रखे गए हैं। 8037 वर्ग फ़ीट का यह स्टोर दो लेवल्स पर हैं। टीवी, स्मार्टफोन, डिजिटल डिवाइसेस, कूलिंग सोल्यूशन्स, घरेलु अप्लायंसेस, ऑडियो और उनसे जुड़ी एक्सेसरीज़ आदि की सबसे नयी और विशाल श्रेणी यहां उपलब्ध है, उनमें से अपनी पसंद और ज़रूरत के सही उत्पाद खरीदने में



उपभोक्ताओं की सहायता के लिए जानकार क्रोमा एक्सपर्ट्स भी यहां मौजूद हैं। क्रोमा की खरीदारी के बाद दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी भी स्टोर में मिलेगी और स्टोर एसोसिएट्स से एक्सपर्ट सलाह भी ली जा सकती है। खरीदारी से अधिकतम लाभ पाने के लिए उपभोक्ता यहां आयोजित की जाने वाली लर्निंग गतिविधियों में भी भाग ले सकते हैं।

बहुत बड़ी और विविधता से भरी अर्थव्यवस्था के साथ, मध्य प्रदेश में आर्थिक वृद्धि और टेक-सैवी आबादी तेज़ी बढ़ रही है, आधुनिकतम इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों को खरीदने के लिए उत्सुक उपभोक्ताओं की संख्या यहां काफी ज़्यादा है। विनिर्माण, इंजिनीयरिंग, टेक्सटाइल्स और फार्मास्युटिकल्स जैसे क्षेत्रों में उद्यमों में हो रहा विकास राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे रहा है।

क्रोमा इन्फिनिटी-रिटेल लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री अविजित मित्रा ने कहा, क्रोमा मध्य प्रदेश में रिटेल विस्तार कर रहा है। हमें खुशी है कि सागर में हमारा नया स्टोर शुरू हुआ है। नवीनतम उत्पादों की सबसे बड़ी श्रेणी, खरीदारी के भरोसेमंद अनुभव के साथ उपभोक्ताओं को वैश्विक स्तर का रिटेल अनुभव प्रदान करने के लिए हम प्रयासशील हैं। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के लिए वन-स्टॉप-शॉप होने के नाते, हम बिक्री-पश्चात् डिलीवरी, इंस्टालेशन और वारंटी अनुभव को हमारे उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं के अनुसार सुनिश्चित करने का वचन देते हैं। स्टोर्स और ष्ह्रश्वद्बठ्ठ.ष्ष्ठद्व के ज़रिए पूरे भारत भर में हमारी सेवाओं का विस्तार करना हम जारी रखेंगे।

# राजनीति का जहरीला विभाजन



एनके त्रिपाठी

अनेक कारणों से विश्व के लगभग सभी लोकतांत्रिक राष्ट्रों की राजनीति न केवल विभाजित हो गई है बल्कि विषाक्त हो गयी है। वैसे तो प्रजातंत्र का अर्थ ही मतभेद होता है और अपने हितों और सिद्धांतों को सशक्त ढंग से उठाने का राजनैतिक दलों को न केवल अधिकार है, अपितु यह उनका दायित्व भी है। सत्तारूढ़ पार्टी का पुरज़ोर विरोध करना उनका कर्तव्य है। परन्तु वोटों की छटपटाहट और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव में सामाजिक विभाजन के साथ-साथ राजनैतिक और धार्मिक ध्रुवीकरण भी हो गया है। एक निरपेक्ष राजनीतिक समीक्षक के लिए आज कल भारत समेत लगभग सभी प्रजातांत्रिक देशों में स्थिति को समझना बहुत कठिन हो गया है। यदि किसी भावना के वश कोई व्यक्ति किसी प्रकार के ध्रुवीकरण का शिकार हो जाता है तो उसे सब कुछ समझना बहुत आसान हो जाता है। अपने पक्ष के सभी तर्क उसे अकाट्य लगते हैं। वह दूसरे के तर्कों में कोई सत्य का अंश ढूँढने से इंकार कर देता है। विचार विमर्श का स्थान वितंडावाद ने ले लिया है ।स्वतंत्र भारत की नव लोकार्पित संसद भवन के कार्यक्रम का विपक्षी पार्टियों द्वारा बहिष्कार करना बिलकुल आश्चर्यजनक नहीं है। आश्चर्य तो तब होता यदि बिना किसी विघ्न के सभी राजनैतिक दल इसके लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित हो कर इस भवन की सराहना करते। लेकिन आगामी डेढ़ शताब्दी तक खड़ा रहने वाला यह भवन फ़िलहाल भारत का नहीं बल्कि मोदी का संसद भवन है। दोनों ही पक्षों ने इसी भावना से कार्य किया है और सुविधाजनक तर्कों की खोज की है ।सरकार यदि इसका उद्घाटन भारत के राष्ट्रपति से करवाती तो यह अधिक स्वाभाविक होता। पूरे कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति का प्रदर्शन किया जाना भी उतना ही स्वाभाविक है जितना 1927 में इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल ( भारत की पहली संसद) के उद्घाटन में औपनिवेशिक सत्ता की छाप थी। लेकिन भारतीय संस्कृति के नाम पर अत्यधिक हिंदू रीति रिवाज़ का प्रदर्शन संविधान की धर्मनिरपेक्ष भावना को प्रतिबिंबित नहीं करता है। लेकिन यह कार्यक्रम वर्तमान शक्तिशाली बीजेपी दल और उसके सर्वोच्च नेता मोदी की राजनीति पर आधारित था। प्राचीन भारत के गौरव को अतिरंजित ढंग से प्रस्तुत कर उसे वर्तमान से जोड़ने की भाजपा की घोषित नीति है ।विपक्ष की जिन 21 पार्टियों ने इस कार्यक्रम का बहिष्कार किया है उनका मुख्य तर्क यह है कि राष्ट्रपति द्वारा इसका उद्घाटन न कराया जाना उन्हें सहन नहीं है। उनका यह तर्क सही है परंतु पाखंड से भरा है। यदि वास्तव में राष्ट्रपति इसका उद्घाटन करने वाली होती तो बहिष्कार के लिए कोई दूसरा तर्क ढूंढ लिया जाता। ये दल प्रारंभ से ही नए भवन की कोई आवश्यकता ही नहीं बता रहे थे यद्यपि पूर्व में उनकी सरकारें नए भवन की इच्छा करती रही हैं। लेकिन मोदी द्वारा इसका निर्माण करना उन्हें रास नहीं आया। कुछ ने तो बढ़ चढ़कर उसे ताबूत और कलंक तक कह दिया। प्रारम्भ में ही सुप्रीम कोर्ट तक इसे रोकने की लड़ाई उन्होंने लड़ी। इन पार्टियों का सामर्थ्य केवल विधानसभा भवन बनाने तक था और उन्होंने उन भवनों का उद्घाटन अपनी राजनैतिक सुविधा से किया। संगोल के इतिहास को ही उन्होंने नकार दिया। तंजोर के मठाधीशों ने 14 अगस्त 1947 को पंडित नेहरू के घर जाकर उन्हें संगोल भेंट किया था परन्तु स्वाभाविक रूप से इसे उस समय कोई महत्व नहीं दिया गया। उसी दिन नेहरू और उनके आगामी मंत्रिमंडल के सदस्य डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के निवास पर हवन में सम्मिलित हुए जिसमें सबको लाल टीका लगाया गया। स्वतंत्रता की अर्धरात्रि को भारतीय परंपरानुसार शंखनाद से भविष्य का स्वागत किया गया ।2011 के बाद से भारत की संसद में विवेक का कोई विशेष स्थान नहीं रह गया है। आप के तथाकथित घोटालों को लेकर उस समय भाजपा ने अनेक सत्रों में संसद को ठप कर दिया था तथा इसके लिए सैद्धान्तिक औचित्य भी दिया था। वर्तमान विपक्ष ने इसी परंपरा का निष्ठा से निर्वहन किया है और हमारी संसद एक निरर्थक शोर का बाज़ार बनकर रह गयी है। लगभग सभी महत्वपूर्ण विधेयक बिना किसी बहस के शोर शराबे में पास कर दिए जाते हैं। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि यह नया संसद भवन अपने प्रारंभ में ही आगामी सत्रों में राजनीतिक अव्यवस्था का मूक दर्शक होगा।

# झमाझम बारिश ने मौसम में घोली ठंडक

## नौतपा में भी आंधी तूफान के साथ हुई बारिश, सड़कों में भरा लबालब पानी



छिंदवाड़ा। गर्मी के दिनों में कभी कभार बारिश हो जाने और बादल छाए रहने से इस बार लोगों को ज्यादा गर्मी का एहसास नहीं हुआ कुछ उंगलियों में गिनने लायक दिन गर्मी के छोड़ दें तो अधिकांश गर्मी माहों में लोगों को ठंडक का ही एहसास हुआ। लग रहा था कि नौतपा में भीषण गर्मी पड़ेगी लेकिन नौतपा लगते ही दो दिन गर्मी का एहसास हुआ लेकिन तीसरे दिन मौसम ने करवट बदली और आंधी तूफान के था तेज बारिश हुई जिससे नौतपा में भी लोगों को ठंड का एहसास होने लगा रविवार को शाम चार बजे से मौसम ने करवट बदलना शुरू कर दिया शाम होते ही आंधी तूफान के साथ बारिश होने लगी। दो पहिया वाहन में चलने वाले जहां जा रहे थे। उन्हें बारिश से बचने के लिए गाड़ी रोककर रूकना पड़ा। बारिश कुछ मिनटों की नहीं थी बल्कि लोगों को बारिश रूकने के लिए आधा घंटे से अधिक का इंतजार करना पड़ा। रविवार को शहर में शाम के वक्त बाजार करने लोग अचानक तेज बारिश और हवा धुंध से रूकने के लिए मजबूर हो गए। बारिश इतनी ज्यादा हुई की सड़कों पर पानी भर आया थोड़ी बारिश ने ही निगम की पोल खोल दी और शहर की सड़कों में पानी भर आया। प्रेस काम्पलेक्स के नीचे सड़क की स्थिति तो ऐसी थी कि लोगों को वाहन खड़ा करने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा बारिश से पानी की निकासी नहीं होने से सड़क तक लबालब पानी भर गया था। नगर निगम को वर्षा की ऋतु को देखते हुए अभी से पानी निकासी की समस्या को ठीक करना होगा। तभी बारिश में सड़कों पर लबालब पानी भरने से बचा जा सकता है।

## जूनियर बेडमिंटन स्पर्धा शुरु

छिंदवाड़ा। जिला बेडमिंटन संघ द्वारा जिला बेडमिंटन जूनियर चेम्पियनशिप 2023 का शुभारंभ बेडमिंटन हॉल में स्पर्धा अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह बैस ने बताया कि आगामी दिनों में विदिशा एवं इंदौर में मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय जूनियर बेडमिंटन प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है जिसमें जिले के खिलाड़ी भाग लेगें छिंदवाड़ा जिले की टीम के चयन हेतु तीन दिवसीय स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है आयोजन समिति में डॉ अनिल जैन, जावेद खान, रवि अहिरवार, रत्नेश दुबे, आर्यान्श खन्ना, कोमल शाह, जगदीश देशमुख व अशफाक शामिल हैं। स्पर्धा सचिव जावेद खान ने बताया कि इस चयन स्पर्धा में 13, 15, 17, 19 आयु वर्ग समूह के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे खिलाड़ियों को जन्म प्रमाणपत्र व आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद कर झण्डा वंदन किया



छिन्दवाड़ा। जिला कांग्रेस सेवादल कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने बताया कि आज कांग्रेस सेवादल द्वारा स्थानीय शहीद स्मारक पर झण्डावंदन कर शहीदों को याद किया गया। आज के झण्डावंदन के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के अध्यक्ष संजय पौनार उपस्थित थे, उन्होनें संबोधित करते हुये कहा कि कांग्रेस सेवादल की यह परंपरा लगभग 100 साल पुरानी है, और यह परंपरा देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा 1919 में प्रारंभ की गई थी, इस परंपरा को कांग्रेस सेवादल आज भी निभा रही है, मैं कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों को बधाई देता हूँ कि आपने इस 100 साल पुरानी परंपरा को बनाये रखा है। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सुरेश कपाले ने कहा कि माह के अंतिम रविवार को कांग्रेस सेवादल के द्वारा शहीद स्मारक पर झण्डावंदन इसलिये किया जाता है ताकि देश की स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में जिन महापुरूषों एवं देशभक्तों ने अपने प्राण न्यौछाबर किये हैं उनको याद करने का काम इस झण्डावंदन के माध्यम से किया जाता है और यह परंपरा कांग्रेस सेवादल निभाते आ रही है। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मां शैलपुत्री के आंगन में होगा हनुमान चालीसा का पाठ

### 30 मई को मनाया जावेगा गंगा दशहरा पर्व

छिन्दवाड़ा। नगर की प्रथम दर्शना मां शैलपुत्री के दरबार में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगा दशहरा पर्व का भव्य आयोजन किया जा रहा है। विधि विधान से पूजन अर्चन के साथ ही माता की आराधना की जावेगी। जगत जननी माता शैलपुत्री के दरबार में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी के परम भक्त हनुमान जी महाराज की चालीसा का पाठ किया जावेगा। प्रथम दर्शना जागृत पीठ माता शैलपुत्री के सिद्ध दरबार बुधवारी बाजार में हनुमान चालीसा का पाठ किया जायेगा। मां शैलपुत्री माता मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित शैलू मिश्रा द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माता शैलपुत्री के दरबार में गंगा दशहरा के पावन पर्व पर 30 मई दिन मंगलवार को माता शैलपुत्री मंदिर प्रांगण में हम सभी के आराध्य भगवान श्रीरामचंद्र जी के परम भक्त श्री हनुमान महाराज की चालीसा का सामूहिक पाठ किया जावेगा। माता रानी के दिव्य दरबार में 5100 हनुमान चालीसा का पाठ होगा। पंडित श्री मिश्रा ने इस आयोजन में नगर के समस्त नागरिक बंधुओं से सहपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि हनुमान चालीसा का पाठ सांय 5 बजे से 7 बजे तक होगा जिसके उपरांत सांय 7.30 बजे महाआरती होगा।

## 117 पुलिस अधिकारी कर्मचारी स्वास्थ्य शिविर से लाभान्वित हुए



छिंदवाड़ा। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जिला पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा, रक्षित निरीक्षक आशीष तिवारी की गरिमामय उपस्थिति में जिला आयुष अधिकारी डॉ दत्तात्रय भदाडे के मार्गदर्शन में पुलिस लाइन अस्पताल परिसर में मेगा स्वास्थ्य एवं आयुष शिविर का आयोजन किया गया शिविर में स्वास्थ्य परामर्श, एन सी डी परीक्षण, मेडिसिनल पौधे वितरण, योगा प्राणायाम, दिनचर्या, ऋतुचर्या, आहार विहार मार्गदर्शन साथ ही विभागीय गतिविधि की जानकारी दी गयी जिसमें डॉ प्रियंका धुर्वे, डॉ प्रवीण रघुवंशी, डॉ हरीश सतनामी, डॉ कविता मसराम, डॉ धर्मराज देशमुख, डॉ विद्या अलोनकर, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर डॉ आएशा मंसूरी, डॉ वेदही पूरी, डॉ अंकुश साहू द्वारा सेवाए दी गईं। योग प्रशिक्षको द्वारा मंच पर योग की प्रस्तुति दी गई तथा योग के महत्व को बताया गया। हितग्राही को आयुष क्योर एप्प द्वारा डाऊनलोड कराया गया। शिविर में 117 पुलिस अधिकारी कर्मचारी लाभान्वित हुए शिविर में समस्त आयुष कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## आम राहगीरों की गर्मी से राहत दिलाने किया छाछ वितरण



**छिंदवाड़ा।** श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा प्रति रविवार आम राहगीरों की गर्मी से राहत दिलाने हेतु निःशुल्क छाछ का वितरण किया। जिसमे 4 हजार लोग लाभांवित हुए। उधर खजरी आश्रम में जारी विद्यार्थी उज्जवल भविष्य निर्माण शिविर में देश के कोने कोने से आये हजारों विद्यार्थियों को जैविक खेती से उत्पन्न गन्ने का रस वितरण किया।

### क्षेत्रीय कमेटी की कमान आशीष चौधरी को

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा विधानसभा प्रभारी सुनील जायसवाल की सहमति से क्षेत्रीय कमेटी नोनिया करबल के अध्यक्ष आशीष चौधरी को बनाये जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ एवं जिले के युवा सांसद नकुल नाथ के हाथों नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

## भाजपा सरकारों की गलती का खामियाजा भुगत रहे मूक वन्य प्राणी: शुक्ला



**छिंदवाड़ा।** विदेशी चीतों को बसाना भाजपा सरकार की ऐतिहासिक भूल भोपाल कूनो नेशनल पार्क में लगातार हो रही चीतों की मौतों पर मध्य प्रदेश भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संभागीय प्रवक्ता गुंजन शुक्ला ने कहा कि एक राज्य की भाजपा सरकार की हठधर्मिता और दूसरे राज्य की भाजपा सरकार की लाचारी के कारण लिए गए गलत निर्णय की सजा मूक वन्य प्राणियों को अपनी जान देकर भुगतनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों के सर्वे अनुसार जिस क्षेत्र में एशियाई शेरों(लायन) के रहने के लिए बेहतर रहवास की परिस्थितियां थी और सालों तक उन्हीं के लिए जिस क्षेत्र को विकसित किया गया था, उस क्षेत्र में विदेशी चीतों को बसाया जाना सरकार की ऐतिहासिक भूल है। ऐसा कर सरकार ने ना केवल एशियाई शेरों की प्रजाति को भविष्य के संकट से बचाने की योजना पर पलीता लगा दिया बल्कि वर्षों तक सिंह परियोजना के लिए कार्य करने वाले विशेषज्ञों, अधिकारियों, कर्मचारियों, के साथ स्थानीय लोगों की मेहनत पर भी पानी फेर दिया। श्री शुक्ला ने आगे कहा कि वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के वैज्ञानिकों, वन्य प्राणी विशेषज्ञों, की राय एवं सुप्रीम कोर्ट के 15 अप्रैल 2013 के आदेशों को गुजरात की भाजपा सरकार ने नहीं माना और मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क को उनके हक के गिर के शेर नहीं दिए, परिणाम स्वरूप विगत वर्षों में वायरस के कारण गिर के जंगलों में सैकड़ों की संख्या में एशियाई शेरों की मौत हो गई। उन्होंने मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार से सवाल पूछा है कि ऐसी कौन सी मजबूरी थी की गुजरात एवं मध्य प्रदेश दोनों जगह एवं केंद्र में भाजपा सरकार होने के बावजूद सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का परिपालन मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार नहीं करा पाई ? उन्होंने राज्य सरकार से कूनो नेशनल पार्क सिंह परियोजना एवं चीता प्रोजेक्ट पर श्वेत पत्र जारी करने की भी मांग की।

## महेश नवमी के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया

### ड्राइंग, कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिताओ का हुआ आयोजन, आज निकाली जाएगी वाहन रैली

छिंदवाड़ा। महेश्वरी समाज छिंदवाड़ा के अध्यक्ष महेश कुमार चांडक ने बताया कि छिंदवाड़ा मैं माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस के अवसर पर आज 29 मई को महेश नवमी पर्व मनाया जायेगा इसी के चलते माहेश्वरी समाज द्वारा विवांता हॉस्पिटल के सहयोग से विशाल मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमे वरिष्ठ डॉक्टर ईशांश खरे यूरो सर्जन, डॉक्टर पराग मनपे एमडी मेडिसिन, डॉक्टर आशुतोष सूर्यवंशी हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर नीलांजना सिंघई जैन स्त्री रोग विशेषज्ञ ने अपनी सेवाएं दी तथा द्वारा मरीजों की जांच की। माहेश्वरी समाज के बच्चो द्वारा ड्राइंग प्रतियोगिता में 3 से 6 वर्ष में धीर विशाखा डागा प्रथम तथा मान्यता राठी प्रथम रही, कुर्सी दौड़ में प्रियांश राठी प्रथम पीयूष राठी दूतीय तेज चाल में पीयूष राठी प्रथम डॉ सुशील राठी दूतीय, स्लो साइकल में प्रमोद चांडक प्रथम बच्चो की स्लो साइकल में प्रियांश राठी प्रथम कु स्पर्श राठी दूतीय रही इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वही आज 29 मई महेश नवमी के अवसर पर समाज द्वारा वहन रैली निकाली जाएगी 11 बजे से 2 बजे तक रक्तदान शिविर माहेश्वरी भवन में किया जाएगा दोपहर 12 बजे से 2:30 तक सामूहिक भोजन समाज का होगा माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष डॉ महेश कुमार चांडक एवं प्रचार सचिव विशाल के लाने तथा कार्यकारिणी के सदस्यों ने वाहन रैली में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है साथ ही रक्तदान शिविर में सामाजिक बंधुओं को अधिक से अधिक रक्त दान किए जाने का आग्रह किया है

## मानव कल्याण व विश्वशान्ति के लिए होगा रामनाम महायज्ञ

### 31 जुलाई को 13 घंटे में 13 करोड़ बार रामनाम जाप महायज्ञ होगा, वृन्दावन लॉन में होगा कार्यक्रम



**छिंदवाड़ा।** मानव कल्याण, विश्व शांति और राम को जानने के लिए रूद्र परिवार सेवा समिति द्वारा 31 जुलाई को 13 घंटे में 13 करोड़ रामनाम महायज्ञ का आयोजन किया गया है। रूद्र परिवार संस्थापक रितेश रत्नाकर पाण्डे एवं जितेन्द्र सोलंकी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये बतया कि राम नाम जप महायज्ञ में 13 घंटे में 65 हजार लोगों को आमंत्रित किया गया है, जो जिले के अलावा अन्य जिलों से भी आयेंगे।

श्री पाण्डे ने बताया कि कार्यक्रम के प्रमुख यज्ञाचार्य अजय रत्नाकर पाण्डे होगे। इस महायज्ञ में एक-एक घंटे तक श्री रामनाम की आहुति दी जावेगी सभी आमन्त्रितों के आने का समय अलग-अलग होगा 13 घंटे में कुल 65 हजार लोग रामनाम का जप करेंगे कार्यक्रम में सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक महाप्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया गया है। समिति के सक्रिय कार्यकर्ता को निम्न लोगों से सम्पर्क किया जा सकता है। जिसमें पंडित अनुजपाण्डे, पंडित अवधूत पाण्डे, रनेन्द्र पाण्डे, जितेन्द्र सोलंकी, कमलेश, आसाडिया, सुधीन्द्र गुप्ता, विवेक ठाकुर, अनिल मालवी, सौरभ गढेवाल, सिद्धार्थ सदाफल महेन्द्रसिंह चौहान, बलराम बारापात्रे, बैजनाथ कस्तूरे, चिन्तामन ठाकरे, कमलाकर सावले, कुन्दन कोल्हेकर, नन्दलाल रघुवंशी, राजू साहू, नितिन घोघरे, शौर्य गुप्ता, राजू पाण्डे आयुषी पाण्डे, अमृत पाण्डे, गीता सोंलकी, अंजना साहू, करणा ठाकरे, संध्या टांक, प्रतिभा सावले, सपना गुप्ता, सरिता बारापात्रे, ऋषिका टांक है। रूद्र परिवार द्वारा प्रतिमाह 13 तारीख को अन्नदान दिवस मनाया जाता है जिसमें भोजन दान किया जाता है। पशु पक्षियों के लिए भोजन एवं पानी की व्यवस्था, पहली से 8वी तक के बच्चों को निःशुल्क कोचिंग, जिनके परिवार में कोई नई मृत्यु होने पर अन्तिम संस्कार की पूर्व व्यवस्था, पौधारोपण, एवं समय-समय पर स्वास्थ्य एवं निःशुल्क नेत्र शिविर लगाये जाते हैं, कोई भी रूद्र परिवार से सम्पर्क कर सकता है।

## अमरवाड़ा-नरसिंगपुर मार्ग पर बसों की गई जाँच

छिन्दवाड़ा। परिवहन आयुक्त म.प्र. और कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग द्वारा अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज कुमार तेहनगुरिया द्वारा गत दिनों अमरवाड़ा-नरसिंगपुर मार्ग पर अपने जाँच दल के साथ पहुंचकर सभी बसों की बारीकी से जाँच की गईं जिसमें कुछ यात्री बसों में खामियां पाये जाने पर संबंधित बस संचालकों पर जुर्माना की कार्यवाही की गई। इस मार्ग पर बस संचालकों द्वारा यात्रियों से बलपूर्वक अधिक किराया लेने और क्षमता से अधिक सवारी बसों में बैठाया जाना, वाहनों मे किराया सूची नहीं लगी पाये जाने की मिल रही शिकायतों को देखते हुए अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री तेहनगुरिया द्वारा परिवहन जाँच दल के साथ अमरवाड़ा-नरसिंगपुर मार्ग पर सवारी बसों का फिटनेस संबंधी भौतिक निरीक्षण कर बारीकी से जाँच की गई जो कि आने वाले समय मे निरंतर जारी रहेगी और जिस वाहन में कुछ विशेष खामियां पाई जाती है तो उन वाहनों की यथा स्थान सवारी खाली करवाकर उस सवारी वाहन का तत्काल फिटनेस निरस्त किया जायेगा। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री तेहनगुरिया ने बताया कि छतरपुर में हुई घटना को देखते हुए परिवहन मंत्री सहित परिवहन आयुक्त द्वारा मध्यप्रदेश के सभी जिलों में इस प्रकार की कार्यवाही के आदेश जारी किये जाने के परिप्रेक्ष्य में 29 मई को दोपहर 2 बजे से आर.टी.ओ.कार्यालय में बस संचालको की बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें बसों के फिटनेस संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा की जायेगी।



## आजकल उपदेश नही उपचार का जमाना है



**छिंदवाड़।** श्री आदिनाथ मंदिर प्रांगण में आचार्य श्री प्रज्ञासागर जी महाराज द्वारा प्रात: 7:57 बजे से 8:43 बजे तक अति विशिष्ट मुहुर्त में सामूहिक मांगलिक अनुष्ठान करवाया गया। आचार्य श्री ने विगत दिनों इस मुहूर्त के बारे में बताते हुए कहा था कि मेरे पास बहुत सारे लोग प्रतिदिन अपनी समस्या लेकर आते हैं, ...ा, किसी को स्वास्थ्य की, किसी को बेटे बेटी के विवाह की, किसी को बच्चों की पढ़ाई की, किसी को कोर्ट कचहरी की, किसी को गृह कलेश की इस प्रकार से आने वाली सभी समस्याओं के निवारण का उपाय इस विशेष मुहूर्त में एक साथ किया जाएगा, आप बताई गई सामग्री लेकर मुहूर्त के समय उपस्थित हो। जिसकी परिणीति में आज भारी संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे नियत समय पर उपस्थित हुए जहां आचार्य श्री प्रज्ञासागर महाराज ने लगभग 1100 मंत्रों के द्वारा यह संस्कार करवाया गया। संस्कार विधि उपरांत सभी श्रावको को संबोधित करते हुए कहा की आज कल उपदेश नही उपचार का जमाना है, आज उपचार का अनुष्ठान है। आज का मुहूर्त विशेष है नए संसद भवन के उदघाटन का पूजन भी अभी हो रहा है। उन्होंने समस्त गुरु भक्तों से कहा की आप लोग एक समूह बना कर हर महिनें मे एक बार या दो बार किसी एक परिवार में एकत्र होकर जप, भजन पाठ करो, इस भावना से कि इस परिवार की समस्याओं का निवारण हो और सुख शांति समृद्धि की वृद्धि हो।आज आचार्य पुष्पदंत सागर जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन संतोष पाटनी, अशोक वैद्य, एल सी जैन, सुजीत जैन, शरद बनारसी ने किया। जिनवाणी विराजमान और चरण प्रक्षालन अशोक वैद्य, मुकेश वैद्य परिवार ने प्राप्त किया।

## नारी सम्मान योजना को लेकर महिलाओं में दिखा उत्साह, बढ़-चढ़कर भराये योजना के फार्म



**चौरई।** विधायक चौधरी सुजीत सिंह, ब्लॉक पर्यवेक्षक राजीव तिवारी, नगर पर्यवेक्षक दर्शन अरोरा सहित कांग्रेस के समस्त अनुषांगिक संगठनों के वरिष्ठ एवं युवा पदाधिकारियों की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी की नारी सम्मान योजना का चौरई शहर के वार्ड क्र.1 से किया गया भव्य शुभारंभ। इस मौके पर उपस्थित महिलाओं ने बड़ी संख्या में योजना के फार्म कांग्रेस के पदाधिकारियों ने भरे। इस अवसर पर विधायक चौधरी सुजीत सिंह सहित जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में उपस्थित जनों को बताया कि कांग्रेस की कमलनाथ सरकार बनने पर महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु रू.1500 महीने, रू. 500 में गैस सिलेंडर, 100 यूनिट बिजली माफ़ और 200 यूनिट हाफ, किसानों का कर्ज माफ जैसी अन्य योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया जायेगा। महिलाओं ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर बड़ी संख्या में नारी सम्मान योजना के फॉर्म भरवाये। मंच का संचालन शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज खंडेलवाल द्वारा किया गया कार्यक्रम की व्यवस्थाएं वार्ड पार्षद अर्जुन सिंह रघुवंशी के द्वारा की गई। इस अवसर पर विधायक चौधरी सुजीत सिंह, ब्लॉक पर्यवेक्षक राजीव तिवारी, नगर पर्यवेक्षक दर्शन अरोरा, क्षेत्र क्रमांक 20 के ऋषि पटेल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज खंडेलवाल, सुशील सक्सेना, पूनमचंद शर्मा, अवनीत गंगवाल, चंद्रकिशोर खंडेलवाल, मतीन अली मीर, तेजपाल पटेल, प्रमेंद्र बंटी साहू, संजय जैन, प्रशांत शर्मा, रामू वर्मा, नगर संयोजक पार्षद अमित चौरसिया, पार्षद-अर्जुन सिंह रघुवंशी, प्रदीप सनोडिया, श्रीमती पुष्पा राऊत, श्रीमती चित्रा अंकित पांडे, अरविंद राजपूत, ओपी सोनी, वीरसिंह पटेल, जयराम पटेल, नन्हे लाल पंचेश्वर, हिम्मत सिंह बघेल, अंकित पांडे, रॉबी सिंह ठाकुर, सादिक अली मीर, कपिल वर्मा, अनमोल चौधरी, अज्जू ठाकुर, प्रवीण रघुवंशी, सूर्या ठाकुर, आशीष वर्मा, सचिन वर्मा, श्रीमती उषा राज, श्रीमती अंजली सोनी श्रीमती ममता चौधरी, श्रीमती ममता सोनी, श्रीमती स्वाति श्रीवास्तव, सौरभ जैन, महेश जम्भारे, मुकेश चौरसिया, उपस्थित थे

## एच एम एस मध्यप्रदेश की कार्यकारिणी हुई गठित

**परासिया।** केंद्रीय श्रमिक संगठन हिन्द मज़दूर सभा की प्रांतीय बैठक दिन शनिवार को जबलपुर एम संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता हिन्द मज़दूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजा श्रीधर एंव राष्ट्रीय महासचिव श्री हरभजन सिंह सिद्दू ने की। बैठक में हिन्द मज़दूर सभा के राष्ट्रीय महासचिव श्री हरभजन सिंह सिद्दू द्वारा हिन्द मज़दूर सभा से संबद्ध कोयला क्षेत्र की अग्रिणी यूनियन कोयला श्रमिक सभा के केंद्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार यादव की अनुशंसा पर वेकोलि उपाध्यक्ष श्री राजेश सूर्यवंशी को हिन्द मज़दूर सभा मध्यप्रदेश कार्यसमिति का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिससे कोयला श्रमिक सभा एचएमएस वेकोलि एंव पेंच क्षेत्र के सदस्य कामगारों ने उत्साह प्रकट करते हुए राजेश सूर्यवंशी को बधाई प्रेषित की।

### पीहू ने 92 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण की दसवीं



**परासिया।** नगर के वार्ड 12 में रहने वाली पीहू जैन, मुकेश जैन और ममता जैन की बेटी ने दसवीं की परीक्षा 92 प्रतिशत अंकों के साथ अपने परिवार व स्कूल का नाम रोशन किया है। वे एक सामान्य परिवार से है। पीहू के पिता मजदूरी करते हैं। वहीं माता लायंस अस्पताल में कार्य करती है। पीहू ने अपनी इस उपलब्धि के लिए अपने माता-पिता और शाला के शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है।

## पल्स पोलियों अभियान में रोटरी की रहती है सक्रिय सहभागिता: विनोद तिवारी

### देश का कोई बच्चा पोलियो ग्रस्त न रहे हम कर रहे सहयोग: मनोज अग्रवाल



**छिंदवाड़ा।** कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित न रहे इस हेतु पूरे देश में पल्स पोलियों की दवा रविवार को जिला चिकित्सालय सहित समस्त आगनवाड़ी केंद्रो में पिलाई गई। पल्स पोलियों अभियान में पूरे देश में रोटरी क्लब ने अहम भूमिका निभाकर सक्रिय सहयोग प्रदान किया इसी श्रंखला में रविवार को रोटरी क्लब छिंदवाड़ा द्वारा शहर के ग्रामीण अंचल के विभिन्न आगनवाड़ी केंद्रो में पहुंचकर लोगो को अपने बच्चे को पोलियो की दवा पिलाने प्रेरित किया इसी श्रंखला में रोटरी क्लब छिंदवाड़ा के अध्यक्ष रोटे मनोज अग्रवाल, सचिव रोटे विनोद तिवारी, कोषाध्यक्ष रोटे अरविंद अग्रवाल, मेंबर्स नीलेश लाट सहित अन्य मेंबर्स ने खापाभाट आगनवाड़ी केंद्र में पहुंचकर पल्स पोलियों की दवा पिलाई इस अवसर पर आगनवाड़ी कार्यकर्ता क्रमांक एक की श्रीमती शैलजा श्रीवास्तव, आशा कार्यकर्ता रीना मालवी, आगनवाड़ी कार्यकर्ता क्रमांक दो की पूनम मंडराह, आयुषी मालवी मुन्नी चौरे, प्रिया चौरे, कविता यादव, नीतू बनदेवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन महिलाएं बच्चे सहित उपस्थित थी रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल सचिव विनोद तिवारी ने कहा की रोटरी क्लब हमेशा पल्स पोलियों अभियान में सक्रिय भूमिका निभाता है पूरे देश में एवम मध्यप्रदेश में चन्हित जिलों में कोई भी बच्चा पोलियो ग्रस्त न रहे इस हेतु पूरी मदद करता है आगे भी करता रहेगा।

## प्रदेश का भविष्य खतरे में, चुनौती का मिलकर सामना करना होगा:कमलनाथ



छिन्दवाड़ा। सम्पूर्ण प्रदेश में एक दौर चला था, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह अपनी जेब में नारियल लेकर चला करते थे, जहां गये वहीं तत्काल घोषणा की और नारियल फोड़ दिया। पिछले 18 वर्षो में इन्होंने प्रदेश की जनता के सामने 22 हजार घोषणायें की है यह जनता को तो याद है पर शिवराज जी भूल गये हैं और आज जब पूरे प्रदेश में इन्हें अपनी जमीन खिसकती नजर आ रही है तब इन्हें सब याद आने लगे हैं। इन्हें अब बहना भी लाड़ली दिख रही है, कर्मचारियों की परेशानी और किसानों की समस्या यह सब याद आ रहा है।उक्त उदगार आज परासिया विधानसभा क्षेत्र के उमरेठ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम गौमुख में आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुये प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश का हर वर्ग भाजपा से परेशान है और मुख्यमंत्री केचल झूठी घोषणायें कर रहे हैं। हमारा मप्र आज देश में पिछड़ा प्रदेश बन गया है परन्तु बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न, किसानों की समस्या, महंगाई व कुपोषण सहित अन्य मामलों में देश में नंबर वन है और भ्रष्टाचार में सबसे आगे हैं।कमलनाथ ने कहा कि हमारी 15 महीनों की कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की जनता की सुध ली, हम एक के बाद एक अपने वचन पूर कर रहे थे, किसानों का कर्जा माफ हुआ, एक हजार गौशालायें बनीं, पेंशन की राशि बढ़ी और भी बहुत कुछ होना था परन्तु सत्ता की भूखी भाजपा ने धनबल से सरकार गिरा दी। आज नौजवान परेशान है, किसान खस्ताहाल है, प्रदेश का भविष्य खतरे में है यह हमारे लिये सबसे बड़ी चुनौती है जिसका सभी को मिलकर सामना करना होगा।प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुये कहा कि मैं जानता हूं कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी मेहनत के बदले केवल अपना सम्मान और पहचान चाहता है और उसकी यह मंशा सरकार बनते ही पूरी होगी। हमारे संगठन की धुरी समन्वयक व क्षेत्रीय अध्यक्षों को एक बैच दिया जावेगा जो मंत्रालयों में गेट पास का काम करेगा।



## संयुक्त संघर्ष से ही समाप्त होगा अन्यायकारी आउटसोर्स कल्चर: वासुदेव शर्मा

### आउटसोर्स कर्मियों 11 जून को देंगे धरना, महाकुंभ में भोपाल जाएंगे 5000 कर्मी



छिंदवाड़ा। मप्र आउटसोर्स, अस्थाई एवं संविदा कर्मचारी कांग्रेस की बैठक कैलाश मटेला की अध्यक्षता में राजीव भवन में संपन्न हुई, जिसमें व्यावसायिक शिक्षक, निर्वाचन, एमपीईबी, कंप्यूटर आपरेटर, स्वास्थ्य विभाग, वेयर हाउस, जन स्वास्थ्य रक्षकों सहित कई विभागों के कर्मचारी शामिल हुए, बैठक में बबलू बैस, निकेश मालवीय, देवेंद्र पवार, दीपा शर्मा, अजय कराडे, सुनील चौबितकर, मनीष साहू, शरद पंत, दीपक चौरे, तरूण चौरसिया, आर के शर्मा, उमेश दुबे, राजू निकोसे सहित 50 से अधिक पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी 11 जून को आउटसोर्स कल्चर समाप्त कर विभागों में सिविलियन की मांग को लेकर बापू की प्रतिमा पर धरना दिया जाएगा तथा भोपाल में पूर्व मुख्य मंत्री कमलनाथ के मुख्यातिथ्य में होने वाले महाकुंभ में जिले से 5 हजार कर्मचारी शामिल कराने का निर्णय लिया।बैठक को आउटसोर्स कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने नौकरियों में आउटसोर्स कल्चर लागू करके युवाओं को गुलाम बना लिया है, हक की बात करने पर नौकरी से निकाल दिया जाता है, न्यूनतम वेतन नहीं दिया जाता, सरकार के संरक्षण में पीएफ में बडे स्तर पर चोरी हो रही है, जिसे एकजुट होकर संयुक्त संघर्ष से ही रूकवाया जा सकता है, भोपाल में होने वाला आउटसोर्स महाकुंभ एकजुट होने का बेहतरीन मौका है, उस दिन आउटसोर्स की ताकत का पता सरकार को चल जाएगा। बैठक में उपस्थित कर्मियों ने 5000 से अधिक लोगों की भागीदारी महाकुंभ में कराने का संकल्प लिया। शर्मा ने कहा कि महाकुंभ के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ होंगे, जिन्होंने 2018 के वचन पत्र में भी आउटसोर्स के सवालों को शामिल किया था और 2023 के वचन पत्र में भी प्रमुखता से शामिल किया जा रहा है

# स्वच्छता का सातवां आसमान छूने की यह ललक अच्छी है

देश की राजधानी दिल्ली में जब 28 मई 2023 को नए संसद भवन का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे थे, तब मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में शहर को स्वच्छ बनाए रखने को हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन में जुटा था। इंदौर स्वच्छता के मामले में कोई कसर नहीं छोड़ता। इसका उदाहरण है हमारी स्वच्छता-हमारा गौरव अभियान। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के मन की बात यही है कि इंदौर की स्वच्छता ही इंदौर का गौरव है। और हमारी स्वच्छता, हमारा गौरव अभियान के तहत 28 मई 2023 को सुबह 7 बजे से शहर भर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस विशेष स्वच्छता अभियान में शहर के प्रबुद्ध जनों के साथ ही निगम अधिकारी एवं अभियान में निगम के समस्त सफाईकर्मी भी शामिल हुए। इंदौर कलेक्टर डॉक्टर इलैया राजा टी ने भी हाथ में झाड़ू थामकर सफाईकर्मियों के संग सफाई की। और सफाईकर्मियों के संग जमीन पर बैठकर नाश्ता कर विशेष संदेश भी दिया कि असल गौरव के हकदार इंदौर के यही होनहार हैं, जिन्होंने शहर को स्वच्छता का पर्याय बना दिया है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने हमारी स्वच्छता हमारा गौरव महाअभियान के तहत स्वच्छता महाजन भागीदारी अभियान के तहत लोकमान्य नगर क्षेत्र में झाड़ू लगाकर सफाई अभियान की



शुरुआत की। तो इंदौर गौरव दिवस के तहत कलेक्टर डॉक्टर इलैया राजा ने कहा कि हम सभी अपने कार्यालयों की आज खुद साफ सफाई करें। वे सुबह से ही कलेक्टर कार्यालय पहुँच गये और परिसर में साफ सफाई की। स्वच्छता अभियान में सफाई कर्मियों के साथ कलेक्टर कार्यालय परिसर में बने बगीचे में बैठकर नाश्ता भी किया। कलेक्टर कार्यालय में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। कलेक्टर डॉ.इलैयाराजा टी और अधीनस्थ अधिकारियों ने बगीचे सहित परिसर के कोने-कोने में जाकर प्लास्टिक गारवेज, अनुपयोगी सामग्रियां, यत्र-तत्र बिखरे हुए पाउच, पानी की बोतले तथा अन्य कूड़ा-कचरा बोरे में एकत्रित किया। सफाई का यह अभियान लगभग 2 घंटे चला।कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी ने सफाई में योगदान देने वाली स्वच्छता दीदियों को साथ बैठाया और उन से चर्चा कर अनुभव साझा किए। उनके सुख-दुख सुने और उनकी दिनचर्या के संबंध में चर्चा की। साथ ही उन्होंने उनके साथ चाय नाश्ता भी किया।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भरोसा जताया कि इंदौर स्वच्छता का सातवां आसमान छूने को बेताब है। गौरतलब है कि इंदौर लगातार छह बार देश का स्वच्छतम शहर का गौरव हासिल कर चुका है। सम्मान को बरकरार रखने के लिए इंदौर लगातार नवाचार भी करता रहता है। हाल ही में हमेशा से दान-धर्म में प्रथम स्थान पर रही माँ अहिल्या की नगरी इंदौर में महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा राजकुमार मिल पर आरआरआर सेंटर यानि रिड्यूस, रियूज एवं रिसाइकिल सेंटर का शुभारंभ किया गया था। इस मंत्र से पुनः उपयोग में आने वाली वस्तुओं को काम में लाया जा सकेगा। ये वस्तुएं जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध कराई जाएंगी। भाव यही है कि हम सभी के सम्मिलित प्रयासों से इंदौर छुएगा स्वच्छता का सातवाँ आसमानज। स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार छह बार देश भर में नंबर एक पर आने वाला इंदौर स्वच्छता के लक्ष्यप्राप्ति हेतु दृढ़-संकल्पित है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर इंदौर है तैयार सातवीं बार के तहत शहर में स्वच्छता संवाद भी किया जा रहा है।

स्वच्छता अगर इंदौर का गौरव है, तो देश का स्वच्छतम शहर इंदौर खुद मध्यप्रदेश का गौरव है। देश-दुनिया में जब भारत के स्वच्छतम शहर की बात होती है तो इंदौर और मध्यप्रदेश गौरव से भर जाता है। स्वच्छता का सातवां आसमान छूने की यह ललक अच्छी है। इंदौर की स्वच्छता में बादशाहत कायम रहे। प्रदेश के हर नागरिक की यही कामना है कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव का स्वच्छता का सातवां आसमान छूने का सपना साकार हो।

# यूपीएससी में आशिमा की 108 वीं रैंक



**भोपाल ।** राजधानी की अरेरा कॉलोनी के रमेश वासवानी आशा वासवानी की पुत्री आशिमा वासवानी ने हाल ही में आए यूपीएससी के परिणामों में 108 वीं रैंक हासिल की है। आशिमा वासवानी ने चर्चा में बताया कि मैं जून 2020 से यूपीएससी की तैयारी कर रही हूं। सोसायटी को देखकर मोटिवेशन मिला कि पब्लिक सर्विस में जाकर लोगों के लिए कुछ अच्छा करूं। सोचा सिर्फ दूसरों के करने का इंतजार करने से बेहतर है कि खुद प्रयास किए जाएं। यूपीएससी का सिलेबस बहुत बड़ा है, ऐसे में बार-बार इसका रिवीजन किया और पेशेंस बनाए रखा, ताकि एग्जाम में पैनिक न हूं और अपना बेस्ट रिजल्ट दे पाऊं। मैंने अपने मजबूत सब्जेक्ट्स के भरोसे यूपीएससी क्लीयर करने की स्ट्रैटेजी बनाई, क्योंकि मैं मानती हूं कि व्यक्ति हर विषय में बहुत अच्छा हो यह पॉसिबल नहीं है, तो मजबूत विषयों को स्ट्रेंथ बनाएं, तो आगे बढ़ा जा सकता है। आशिमा वासवानी ने मुख्य परीक्षा में 800 तथा व्यक्तिगत साक्षात्कार में 193 अंक अर्जित कर ये उपलब्धि हासिल की।




# महाकाल लोक की तर्ज पर सलकनपुर में 200 करोड़ से बनेगा भव्य देवी लोक

**सीहोर।** सीहोर जिले में आने वाला सलकनपुर स्थित मां विजयासन देवी धाम देश भर में आस्था के एक बड़े केंद्र के रूप में प्रसिद्ध है। करोड़ों भक्तों की आराध्या मां विजयासन के अनन्य भक्त माने जाने वाले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की मंशा के अनुरूप महाकाल लोक की तर्ज पर सलकनपुर में देवीलोक का निर्माण कराया जा रहा है।

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने बताया कि इसमें देवी के नौ रूपों तथा 64 योगिनी को शास्त्रों में वर्णित कथाओं के साथ आकर्षक रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अनेक निर्माण एवं विकास के कार्य कराए जा रहे हैं। देवी लोक का निर्माण 200 करोड़ रुपए से अधिक की कार्ययोजना है। देवीलोक के निर्माण के पश्चात धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही इस क्षेत्र में पर्यटन पर आधारित आर्थिक गतिविधियों का भी विस्तार होगा।



**ऐसा होगा देवी लोक का स्वरूप–** महाकाल लोक की तर्ज पर सलकनपुर में देवी लोक बनाया जा रहा है। यह धार्मिक अवधारणा के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत पर्यटक सुविधाओं के साथ-साथ देवी विंध्यवासिनी के विभिन्न स्वरूपों का चित्रण पृथक-पृथक अधोसंरचनाए निर्मित कर किया जाएगा। समस्त कार्यों को हेरिटेज एवं धार्मिक स्वरूप के दृष्टिकोण से पत्थरों से सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

देवी लोक में 64 योगिनी प्लाजा वृत्ताकार निर्मित किया जाएगा। जिसमें 64 योगिनियों के विभिन्न आयामों को म्यूरल के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। देवी के विभिन्न स्वरूपों को प्रदर्शित करने की इस कल्पना को मध्यप्रदेश के भेड़ाघाट तथा उड़ीसा के हीरापुर से लिया गया है।

**नवदुर्गा कॉरिडोर–** मंदिर पहुंचने के पहले माता विजयासन देवी के नौ स्वरूपों को पृथक-पृथक म्यूरल के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। देवी के नौ स्वरूपों को कहानी तथा श्लोक के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।

**देवी लोक की अन्य विशेषताएं–** मंदिर के मुख्य द्वार के पास सप्त मातृका को मूर्ति तथा म्यूरल आर्ट के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। वेटिंग हॉल के टेरेस पर महाविद्या थीम पर मां काली, तारा, छिन्नमस्ता, सुंदरी, बगुला मातंगी, भुवनेश्वरी, सिद्ध विद्या, भैरवी एवं धूमावती की झांकियां मूर्ति एवं म्यूरल आर्ट के रूप में प्रदर्शित की जाएंगी। माता विजयासन मंदिर के मुख्य द्वार को लाल पत्थरों से सौंदर्यीकरण कर मां दुर्गा के विभिन्न श्लोक म्यूरल एवं संकेतों से सुसज्जित किया जाएगा। प्रवेश द्वार के समीप फाउंटेन ऑफ लाइट बनाया जाएगा। सुंदर पार्क तथा पर्यटक के विश्राम के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं रहेंगी।

सीढ़ी मार्ग के प्रारंभ में प्रवेश द्वार एवं सरोवर के मध्य एक भक्ति मार्ग के रूप में एक स्थान निर्मित किया जा रहा है। जिसमें श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके अलावा विद्युतीकरण इल्यूमिनेशन सुरक्षा की दृष्टि से पिए सिस्टम सीसीटीवी भी लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा गत वर्ष मई माह में 43 करोड़ रूपए के अनेक विकास एवं निर्माण के कार्यों का भूमि पूजन किया गया था। इनमें अनेक कार्य पूर्ण हो गए हैं। वर्तमान में पहाड़ी के ऊपर दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों के लिए पृथक-पृथक पार्किंग बनाई गई है। पार्किंग के समीप ही शौचालय भी बनाया गया है। इसके साथ ही ड्राइवर्स डोर मेट्री एवं गार्डरूम भी बनाया गया है। प्रवेश द्वार भी बनाया गया है। शिव मंदिर का पाथवे निर्मित किया गया है। मंदिर परिसर में गेट ग्रिल स्थापित की गई है तथा वेटिंग एरिया की फ्लोरिंग का कार्य किया गया है। पहाड़ी के नीचे दो भव्य प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। मेला ग्राउंड पर भव्य दीपस्तंभ एवं 102 दुकानों का निर्माण किया गया है। मेला ग्राउंड पर पेयजल एवं शौचालय बनाए गए हैं। इसके साथ ही सरोवर के विकास एवं सौंदर्यीकरण के कई कार्य किए गए हैं।

